नई दिल्ली
शुक्रवार, 22 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 128
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

दोनों नेताओं ने यूक्रेन, पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर जारी प्रयासों पर साझा किए अपने विचार

# पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के बीच हुई टेलीफोन पर बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की टैरिफ की चुनौती के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया क्षेत्र में जारी मौजूदा संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान को लेकर जारी प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। फ्रांस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को यह फोन कॉल की थी।

जिसमें उन्होंने कीव में शांति स्थापित करने के लिए यूरोप, अमेरिका और यूक्रेन के नेताओं के बीच वाशिंगटन में हुई हालिया बैठकों को लेकर अपना आकलन साझा किया। इसके अलावा गाजा की स्थिति को लेकर भी अपना पक्ष प्रधानमंत्री मोदी के सामने रखा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत-फ्रांस के राष्ट्राध्यक्षों की इस बातचीत में



भारत के प्रधानमंत्री ने तमाम विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और जल्द ही शांति और स्थिरता की स्थापना को लेकर बने हुए भारत के निरंतर सहयोग को प्रतिबद्धता के साथ दोहराया।

### भारत-ईयू एफटीए पर मिलेगा मैक्रों का सहयोग

*मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने अपनी चर्चा में द्विपक्षीय सहयोग एजेंडे में हुई प्रगति की समीक्षा की। जिसमें व्यापार, रक्षा, सिविल न्यूक्लियर सहयोग, तकनीक और ऊर्जा जैसे क्षेत्र शामिल हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्धता जाहिर की और अगले वर्ष 2026 को नवाचार के वर्ष के रूप में मनाने को लेकर भी अपनी सहमति प्रकट की। फ्रांस के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच जल्द ही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कराने के लिए अपना सहयोग प्रदान करने की बात कही। इसके अलावा दोनों ने सभी मुद्दों पर आगे भी एक-दूसरे से संपर्क में बने रहने के लिए अपनी रजामंदी दी।*

पीएम मोदी ने संसद नहीं चलने देने पर बोला हमला

# विपक्ष में भी कई प्रभावशाली वक्ता हैं पर राहुल की वजह से उनको नहीं मिलता मौका

बिरला की चाय पार्टी में विपक्षी सांसदों ने भाग नहीं लिया



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष के कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी की वजह से उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता।

पीएम ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी इसलिए व्यवधान करती है क्योंकि विपक्ष में भी कुछ ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी से बेहतर बोलते हैं और वो ऐसा नहीं चाहते। प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी एक ⏩ शेष पेज 5 पर

### लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

*लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकालीन समय के स्थगित होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने टी पार्टी दी। टी पार्टी में पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रियों समेत एनडीए के नेता पहुंचे लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत विपक्ष का एक भी सांसद इसमें शामिल नहीं हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही गुरुवार को* ⏩ शेष पेज 5 पर

ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज बंगाल व बिहार को देंगे सौगात



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल और बिहार में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी बंगाल में कोलकाता मेट्रो के तीन नए खंडों और हावड़ा में एक एलिवेटेड कॉरिडोर समेत 5,200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। बिहार में राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन करेंगे।

### ईएसआई में 19.37 लाख नए कर्मचारी जुड़े



**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने जून 2025 के लिए अस्थायी पेरोल आंकड़े जारी किए हैं, जिनके मुताबिक इस महीने 19.37 लाख नए कर्मचारियों को ईएसआई योजना के तहत शामिल किया गया। जून में 34,762 नए प्रतिष्ठान भी इस सामाजिक सुरक्षा योजना के दायरे में आए।

### भाजपा और डीएमके से गठबंधन नहीं: विजय



**नई दिल्ली।** एक्टर विजय की तमिलागा वेट्री कल्याणगम (टीवीके) पार्टी अगले साल तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में राजनीतिक डेब्यू करेगी। मदुरै में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजय ने ये संकेत दिए कि उनकी पार्टी कई सीटों पर चुनाव लड़ेगी। स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी न तो डीएमके और न ही भाजपा के साथ गठबंधन करेगी।

मास्को में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में जयशंकर की अमेरिका को दो टूक

# टैरिफ पर 'हैरान' करने वाला अमेरिकी तर्क, रूस से भारत नहीं चीन खरीद रहा सबसे ज्यादा कच्चा तेल

- बोले विदेश मंत्री, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत-रूस के रिश्ते दुनिया में सबसे ज्यादा स्थिर और भरोसेमंद रहे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

यूक्रेन युद्ध के बीच भारत की रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद को लेकर लगाए गए 50 फीसदी दंडात्मक टैरिफ पर गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिका को तथ्यों के साथ आईना दिखा दिया। मौका था मास्को में जयशंकर की रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक और उसके बाद आयोजित की गई पत्रकार वार्ता का। दोनों में उन्होंने न केवल अमेरिका के टैरिफ और उसके पीछे के कारण पर कड़ा प्रहार किया। बल्कि भारत-रूस के प्राचीन परंपरागत रिश्ते को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनिया का सबसे स्थिर और भरोसेमंद संबंध बताया। अमेरिकी निर्णय पर जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत नहीं, चीन रूस से सबसे ज्यादा तेल की खरीद कर रहा है। जबकि तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के मामले भी भारत कहीं खड़ा नहीं ⏩ शेष पेज 5 पर



### भारत करेगा कृषि, कपड़ा उत्पादों का निर्यात

डॉ. जयशंकर ने कहा, दोनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए दोतरफा कवायद पर जोर दिया जाना चाहिए। रूस की कंपनियां भारत में अपने व्यापार विस्तार, निवेश पर ध्यान केंद्रित करें। जबकि भारत रूस को कृषि, कपड़ा और फार्मास्युटिकल्स जैसे क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाएगा। जिससे मौजूदा असंतुलन को दूर करने में मदद मिलेगी। दोनों पक्ष संतुलित और सतत व्यापार विस्तार के लिए साझा रूप से प्रतिबद्ध हैं। गैर-टैरिफ बाधाओं और नियामक रुकावटें इसमें मुख्य हैं। बातचीत में दीर्घावधि उर्वरकों की सप्लाई का मुद्दा भी शामिल किया गया। भारत के खासकर आईटी, निर्माण, इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों के कर्मी रूस की श्रम संबंधी जरूरतों की पूर्ति कर सकते हैं। जिससे हमारा सहयोग और अधिक मजबूत होगा। व्यापार, निवेश के जरिए सतत ऊर्जा सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। वार्ता में कनेक्टिविटी जैसे इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कोरिडोर, चेन्नई-व्लादिवोस्तोक ईस्टर्न मेरीटाइम कॉरिडोर और नॉर्दन सी रूट का विषय भी शामिल रहा। इन कॉरिडोर की मदद से आर्थिक लिंक मजबूत होंगे, आवागमन का समय घटेगा और यूरोशिया व उसके बाहर व्यापार को लेकर पहुंच बढ़ेगी।

### यह है अमेरिका का तर्क

भारत पर लगाए गए टैरिफ को लेकर अमेरिका का कहना है कि यूक्रेन में युद्ध के बीच भारत रूस से न केवल लगातार बड़ी मात्रा में तेल की खरीद कर रहा है। बल्कि उसे ज्यादा कीमतों पर आगे खुले बाजार में दुनिया के बाकी देशों को बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। यह एक प्रकार से यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने के लिए भारत के रूस को ईंधन प्रदान करने के समान है। अभी अमेरिका ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ ⏩ शेष पेज 5 पर

### संबंधों-सामरिक भागीदारी की समीक्षा की

*बैठक में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हर पहलू की व्यापक समीक्षा की गई। उसके साथ-साथ राजनीतिक संबंध भी हमारी बातचीत का हिस्सा रहे। राजनीति, व्यापार, आर्थिक, निवेश, रक्षा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच संबंधों के अलावा क्षेत्रीय व वैश्विक चुनौतियों, संघर्षों के मुद्दे पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्री ने बताया कि भारत-रूस के मजबूत स्थिर संबंधों का आधार भू-राजनीतिक समन्वय, नेतृत्व संपर्क और चर्चित भावनाएं हैं। बीते वर्ष में हुई वार्ताओं के बीच हम इस साल के अंत में भारत में होने वाले शिखर सम्मेलन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। हमारे शीर्ष नेता लगातार हमें विशेष और विशिष्ट सामरिक भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन करते रहते हैं।*

### बातचीत-कूटनीति से खत्म हों विवाद

*जयशंकर ने कहा कि हमारे रक्षा-सैन्य तकनीकी सहयोग काफी व्यापक हैं। रूस भारत के मेक इन अभियान के लक्ष्य में सहयोग कर रहा है। जिसमें संयुक्त उत्पादन और तकनीक हस्तांतरण शामिल है। भारत द्वारा कजान और येकातेरिनबर्ग में खोले जाने वाले दो वाणिज्य दूतावासों के मामले में तेजी लाने की आवश्यकता है। मामले पर हमारी चर्चा भी हुई है। क्योंकि इनसे हमारी क्षेत्रीय पहुंच बढ़ने के साथ व्यापार व लोगों के बीच संपर्क में भी इजाफा होगा। भारत और रूस के विदेश मंत्रियों ने यूक्रेन, मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। भारत का यही मानना है कि विवादों-मतभेदों को दूर करने के लिए केवल बातचीत और कूटनीति का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। दोनों देश आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ाई लड़ने के लिए भी तैयार हैं। भारत ने रूस से कहा कि इसे लेकर हम शून्य सहिष्णुता की नीति पर चल रहे हैं। हमें सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपने देश के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने का संप्रभु अधिकार है।*

### उठाया रूसी सेना में भारतीयों का मुद्दा

*उन्होंने कहा कि बातचीत में मैंने रूस की सेना में कार्यरत भारतीयों के मामले को उठाया। जिनमें से कुछ की स्वदेश वापसी हो चुकी है। लेकिन कुछ मामले लंबित हैं, कुछ लोग लापता भी हैं। हमें उम्मीद है कि रूसी पक्ष इन सभी मामलों का तेजी के साथ निपटारा करेगा। वैश्विक और बहुपक्षीय सहयोग के विषय पर दोनों अंतरराष्ट्रीय प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार को लेकर समान रूप से प्रतिबद्ध हैं। यूएन सुरक्षा परिषद में सुधार इसका एक भाग है। जी-20, ब्रिक्स और एससीओ में हमारा सहयोग निरंतर आगे बढ़ रहा है। रूस के विदेश मंत्री को जयशंकर ने भारत यात्रा का न्योता दिया।*

चीन ने किया भारत पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ का कड़ा विरोध

# मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई जयशंकर की मुलाकात



- बोले भारत में चीन के राजदूत फेइहोंग, चुप रहने से बढ़ेगा धौंस (अमेरिका) जमाने वालों का हौसला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बीच भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। जो उनकी बीते 19 अगस्त से जारी रूस की तीन दिवसीय यात्रा का बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव के समान है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच चीन मजबूती से भारत के साथ खड़ा हो गया है और उसने अमेरिका के नई दिल्ली के खिलाफ उठाए गए टैरिफ से जुड़े कदम का पूरी तरह से विरोध किया है। रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात से पहले भारत के विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। जिसमें उन्होंने अमेरिकी टैरिफ के निर्णय पर हैरानी जताते हुए भारत की रूस से जारी तेल खरीद के ईदगिर्द घूमते अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलकर उल्लेख ⏩ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका के विरोध में खड़ा हुआ चीन

*उधर, भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने स्पष्ट शब्दों में अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि हम सभी भारतीय वस्तुओं का चीनी बाजार में स्वागत करते हैं। दोनों देश एक-दूसरे की वस्तुओं के आदान-प्रदान से बहुत अधिक प्रगति कर सकते हैं। अमेरिका लंबे समय से मुक्त व्यापार से फायदा उठाता रहा है। लेकिन अब वह टैरिफ को सौदेबाजी के एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने अमेरिका को धौंस जमाने वाला देश बताते हुए कहा कि चुप रहने से धौंस जमाने वालों का हौसला बढ़ेगा। साथ ही कहा कि चीन भारत के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। चीन के राजदूत ने कहा कि हमारा देश इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और नई ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में तीव्र गति से विकास कर रहा है। जबकि भारत आईटी, सॉफ्टवेयर और बॉयोमेडिसन के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए हुए है। भारत और चीन एशिया की वृद्धि का डबल इंजन हैं। दोनों सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों के अलावा उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं भी हैं। ऐसे में उन्हें एकतरफा कार्रवाई और संरक्षणवाद का विरोध करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।*

बधाई देते हुए बोले राजनाथ सिंह, उनकी यह यात्रा मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में भारत की यात्रा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है

# आईएसएस पर पहुंचने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से हुई रक्षा मंत्री सिंह की मुलाकात

- युवाओं को विज्ञान-प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने शुक्ला को बधाई दी और कहा कि उनकी यह कामयाबी मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में जारी भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो युवाओं को विज्ञान-प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अन्वेषण में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वहीं, रक्षा मंत्री ने एक्स पर इस मुलाकात को लेकर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'आईएसएस पर पहुंचने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने उनकी प्रेरणादायक अंतरिक्ष यात्रा, कक्षा में उनके द्वारा किए गए प्रयोगों, विज्ञान-प्रौद्योगिकी में प्रगति और भारत के अग्रणी गगनयान मिशन की आगे ⏩ शेष पेज 5 पर

आम आदमी को मिलेगी राहत: जीएसटी में बदलाव को लेकर मंत्रिसमूह की मंजूरी

# जीएसटी में खत्म होंगे अब 12 व 28% वाले स्लैब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाली संरचना को 2 दरों से बदलने की योजना को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी रेट्स को युक्तिसंगत बनाने को लेकर मंत्रिसमूह की गुरुवार को हुई एक खास बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के तहत अब जीएसटी में दो स्लैब 5% और 18% ही होंगे। बाकी 12% और 28 फीसदी वाले स्लैब को हटा दिया जाएगा। पैनल ने यह भी सिफारिश की है कि लक्जरी कारों पर 40% की दर से




कर लगाया जाए, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था। मंत्रिसमूह के सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल शामिल हैं। ⏩ शेष पेज 5 पर

### चीजें होंगी सस्ती

*अगर जीएसटी काउंसिल इसकी मंजूरी देता है तो 12 फीसदी के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 फीसदी वाले टैक्स स्ट्रक्चर में डाला जाएगा। जबकि 28 प्रतिशत रेट्स वाले 90 फीसदी वस्तुओं की कैटेगरी चेंज करके 18 फीसदी वाले कैटेगरी में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे वस्तुओं के दाम में कमी आएगी। केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालने करने वालों की संख्या बढ़ेगी।*

### बीमा और हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ

*मंत्रिसमूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना लगभग 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ सकता है। अधिकांश राज्यों ने इस योजना का सपोर्ट किया है। लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।*

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमले के बाद कार्यवाहक कमिश्नर एसबीके सिंह को हटाया

फिलहाल दिल्ली में महानिदेशक (कारागार) के पद पर तैनात हैं गोलचा

# वरिष्ठ आईपीएस सतीश गोलचा दिल्ली के पुलिस कमिश्नर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। गृह मंत्रालय ने इसको लेकर जानकारी दी है। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा वर्तमान में दिल्ली में महानिदेशक (कारागार) के पद पर तैनात हैं। गृह मंत्रालय द्वारा 21 अगस्त को जारी आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से, सतीश गोलचा, आईपीएस (एजीएमयूटी:1992), जो वर्तमान में दिल्ली के महानिदेशक (कारागार) के पद पर तैनात हैं, को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अगले आदेश तक दिल्ली के पुलिस आयुक्त के पद पर ⏩ शेष पेज 5 पर

### सर्विस के दौरान कई अहम पदों पर रहे हैं सतीश गोलचा

*सतीश गोलचा इससे पहले दिल्ली पुलिस के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), संयुक्त आयुक्त और विशेष आयुक्त के पद पर भी कार्यरत रह चुके हैं। 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के दौरान विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) के रूप में अपने कार्यों के लिए उन्हें प्रसिद्धि मिली। उन्होंने फरवरी 2022 से जून 2023 तक अरुणाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में भी कार्य किया, जिसके बाद उन्हें वापस दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया। मई 2024 में, पुलिस स्थापना बोर्ड की सिफारिश के आधार पर गोलचा को लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना द्वारा तिहाड़ जेल का प्रमुख नियुक्त किया गया था।*

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की तल्ख टिप्पणी

# हाइकोर्ट के जजों पर हर दिन कितना पैसा खर्च हो रहा, वे यह सोचें न्याय सबका अधिकार, अमीर-गरीब के बीच खाई पाटने की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत ने कुछ हाईकोर्ट जजों के काम के प्रति समर्पण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ जज पूरे समर्पण से काम कर रहे हैं और न्याय के पथप्रदर्शक बनकर अपने दायित्वों को निभा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ जज ऐसे हैं, जिनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा जिन लोगों के समर्पण में कमी है, मैं उनसे एक विनती करना चाहता हूं- जब भी आप रात में सोने के लिए जाएं तो लेटने के बाद तकिए पर अपना सिर रखें तो अपने आप से एक सवाल पूछें कि- मुझ पर जनता ⏩ शेष पेज 5 पर

हमने न्याय के मंदिर बनाए हैं, लेकिन उनके दरवाजे उन्हीं लोगों के लिए संकरे होते जा रहे हैं जिनकी सेवा के लिए ये अदालतें बनाई गई थीं

### न्याय तक पहुंच समृद्धि का विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए



*उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा जो बात मुझे परेशान करती है, वह है एक विरोधाभास जिसे हमने अनजाने में पैदा कर लिया है, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में न्याय तक पहुंच लंबे समय तक समृद्ध वर्ग का विशेषाधिकार बना रहा। जब कानूनी फीस आम नागरिक की मासिक आय से कहीं अधिक हो जाए, जब अदालत की प्रक्रियाओं को समझने के लिए साक्षरता की आवश्यकता हो और लाखों लोगों में यह साक्षरता न हो, जब अदालतों के गलियारे स्वागत की जगह डराने लगें तो हम एक कठोर सच्चाई से रूबरू होते हैं।*

### कानून को हर भाषा और हर गांव तक पहुंचना चाहिए

*न्यायमूर्ति सूर्यकांत, जो नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कानून को हर भाषा बोलनी चाहिए, हर गांव को सिखाना चाहिए और न्याय की हर पुकार का जवाब देना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर लोकतंत्र को जीवित रखना है तो न्याय हर व्यक्ति तक समान रूप से पहुंचना चाहिए।*

# रिश्तेदार के लिए नवजात का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मध्य दिल्ली से एक नवजात का अपहरण कर उसे अपने एक रिश्तेदार को कथित तौर पर बेचने की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान के खेतड़ी से गिरफ्तार किया है। नवजात को सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने रिश्तेदार के लिये नवजात का अपहरण किया था।



■ नवजात बच्चा सकुशल बरामद, आरोपी राजस्थान से दबोचा

डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार आरोपी शख्स का नाम जितेंद्र कुमार (32) है। घटना 19 अगस्त को उस समय हुई, जब चेन्नई की रहने वाली एक महिला अपने बच्चे के साथ दिल्ली में एक रिश्तेदार से मिलने के लिए ट्रेन से पहुंची थी। महिला ने पुलिस को बताया कि कुमार ने यात्रा के दौरान उससे दोस्ती की, लगभग दो घंटे तक उससे बात की और उसका विश्वास जीत लिया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने महिला के साथ उसके रिश्तेदार के घर चलने की पेशकश की। रास्ते में वह एक कपड़े की दुकान पर रुका। महिला को 150 रुपये दिए और उस बच्चे के लिए एक ड्रेस खरीदने को कहा। बच्चे को गोद में लेकर बाहर इंतजार करने लगा। जब महिला दुकान से बाहर आई तो बच्चा और आरोपी गायब थे। पुलिस ने लगभग 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपी की पहचान के लिए 'फेशियल रिकग्निशन सिस्टम' का इस्तेमाल किया। आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखने के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से कुमार को राजस्थान के खेतड़ी स्थित उसके पैतृक गांव से पकड़ लिया गया। उसके पास से बच्चे को भी बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान कुमार ने खुलासा किया कि उसके एक रिश्तेदार ने उससे रुपये के बदले एक लड़के का इंतजाम करने को कहा था क्योंकि उसका कोई लड़का नहीं था।

## केंद्र ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले के बाद उन्हें 'जेड' श्रेणी की 'वीआईपी' सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरवार को यह जानकारी दी। गुप्ता और उनके आधिकारिक आवास की सुरक्षा विशिष्ट व्यक्तियों को दी जाने वाली अर्द्धसैनिक बल के वीआईपी सुरक्षा समूह (वीएसजी) द्वारा की जाएगी, जो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस पार्टी के गांधी परिवार को भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने दिल्ली की मुख्यमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने बताया कि 22 से 25 सशस्त्र कमांडो की एक टीम 24 घंटे मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहेगी। उल्लेखनीय है कि गुप्ता पर बुधवार सुबह सिविल लाइंस इलाके में उनके कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान हमला किया गया था। उनके कार्यालय ने इस हमले को उनकी हत्या की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा बताया है।

## फिर छह स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी के स्कूलों को ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिललिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कम से कम छह स्कूलों को बृहस्पतिवार को भी ई-मेल के जरिए धमकी मिली। इसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि सुबह छह बजकर 35 मिनट से सात बजकर 48 मिनट के बीच दिल्ली के छह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित कॉल आई। इनमें प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल, बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल, राव मान सिंह स्कूल, कॉन्वेंट स्कूल, मैक्स फोर्ट स्कूल और द्वारका स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं। पुलिस, अग्निशमन कर्मी और बम निरोधक दस्ते तुरंत स्कूल परिसरों में पहुंचे। पिछले चार दिनों में स्कूलों को बम से उड़ाने की यह तीसरी धमकी है। सोमवार को 32 स्कूलों को ऐसी ही धमकियां मिली थीं, जो बाद में झूठी निकलीं। बुधवार को करीब 50 स्कूलों को ई-मेल के जरिए फिर से बम की धमकी मिली, जिसे बाद में फर्जी करार दिया गया।

### दो कट्टे और 20 कारतूस हुये बरामद

# हाशिम बाबा गैंग से जुड़ा हथियार सप्लायर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हाशिम बाबा और जेल में बंद गैंगस्टर योगेश भाटी के करीबी हथियार सप्लायर को अरेस्ट किया है। इसके पास से दो देसी कट्टे और 20 कारतूस बरामद हुये हैं। यह गिरफ्तारी साइबर सेल द्वारा पकड़े गये बदमाश कपिल उर्फ घोड़ा की निशानदेही पर हुई। कपिल के पास से दो बेरेटा सेमीऑटोमैटिक पिस्टल सहित अवैध हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया था। इस गिरफ्तारी के बाद खुलासा हुआ कि नेटवर्क के संचालन का समन्वय जेल के अंदर से किया जाता था।



डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार पकड़े गये अपराधी का नाम गौतम उर्फ गोलू निवासी रामपुरा दिल्ली पता चला है। इससे दिल्ली एनसीआर में संचालित एक व्यापक अवैध हथियार सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। डीसीपी गौतम ने बताया कि एक अगस्त को आरोपी योगेश भाटी पुत्र श्योराज निवासी दादरी, यूपी को सांठगांठ का पता लगाने के लिए कोर्ट से दो दिन की रिमांड पर लिया गया था। इंस्पेक्टर संदीप सिंह की टीम द्वारा हिरासत में की गई निरंतर पूछताछ के दौरान उसने अवैध हथियार आपूर्तिकर्ताओं के एक बड़े नेटवर्क के अस्तित्व का खुलासा किया। उसने बताया कि उसका सहयोगी गौतम उर्फ गोलू दिल्ली स्थित अपने आवास पर हथियार रखता था। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसीपी अनिल शर्मा की निगरानी में साइबर सेल की एक टीम ने आधी रात को छापेमारी करके गौतम को रामपुरा स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान इसने खुलासा किया कि वह गैंगस्टर योगेश भाटी के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसके पिछले रिकॉर्ड की जांच से पता चला कि वह सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र में एक फाइनेंसर से 2 लाख की लूट में भी शामिल था।

## एनडीएमसी क्षेत्र में स्वच्छता के क्षेत्र में हुए है व्यापक बदलाव : अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पिछले छह महीनों में हमने कड़ी मेहनत करके नई दिल्ली क्षेत्र में स्वच्छता के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाये है, जिसके परिणाम सबके सामने हैं। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष अध्यक्ष केशव चंद्रा ने गुरूवार को व्यापक स्वच्छता अभियान 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' के तहत अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले फील्ड कर्मियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में एनडीएमसी को राष्ट्रीय स्तर पर सुपर स्वच्छता लीग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एनडीएमसी के अनुसार यह पहल स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है, जिसमें नई दिल्ली में स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों को बनाए रखने में एनडीएमसी के अग्रिम पंक्ति के सफाई और सहायक कर्मियों के अथक योगदान को मान्यता दी गई है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जतिन** पुत्र अजीत कुमार, निवासी- डब्ल्यूजेड-723 गुरुद्वारे वाली गली, नांगल राया थाना मायापुरी, नई दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 15499/2023 धारा 379/411 भा.द.स, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जतिन, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 15499/2023 धारा 379/411 भा.द.स, थाना सागरपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ईशा सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
18, प्रथम तल, मुख्य भवन
पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

DP/11112/SW/2025



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **जितेन्द्र निगम, पुत्रः** सिया राम, **पताः** मकान न. 219 और 221, गली न. 5, खांडसा रोड, शक्ति पार्क, सेक्टर 10, गुरूग्राम, हरियाणा, ने **FIR No. 172/2022, U/s 33/58 Delhi Excise Act, थानाः** सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र निगम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र निगम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 172/2022, U/s 33/58 Delhi Excise Act, थानाः** सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **जितेन्द्र निगम,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह, एलडी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—03**
**(दक्षिण), कमरा न. 212**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/10996/SW/2025
(Court Matter)


## शोरूम से लाखों की नकदी और कपड़े चुराने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाजपत नगर इलाके दो बड़े शोरूम से लाखों की नकदी और कपड़े चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। इसके पास से अपराध में प्रयुक्त की गई स्कूटी और चोरी किये कपड़े भी बरामद हो गये हैं। आरोपी पहले 11 आपराधिक मामलों में शामिल रहा हैं।

लाजपत नगर पुलिस ने समीरुद्दीन उर्फ समीर मिर्जा उर्फ इकबाल को गिरफ्तार किया है। 11-12 अगस्त की दरम्यानी रात में एक कपड़े के शोरूम में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। सूचना दी गई थी कि किसी ने शोरूम का शटर तोड़कर 33 शर्ट और 35 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली है। मामले में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। इलाके में एक महीने के भीतर यह दूसरी घटना थी जिसमें अपराध करने का तरीका एक जैसा था। आखिर में बदमाश के रूट का पीछा करते हुये पुलिस जे.जे. कॉलोनी



बवाना तक पहुंची। आखिरकार टीम अपराध में इस्तेमाल की गई स्कूटी को ट्रेस करने में कामयाब रही। इसके बाद जाल बिछाकर रात भर इंतजार करने के बाद आखिरकार समीरुद्दीन को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर इसने बताया कि अपने दोस्त शानू के साथ मिलकर लाजपत नगर में एलजी शोरूम से सात लाख कैश और कुछ दस्तावेज चोरी करने का जुर्म भी कबूला। दोनों दोस्तों ने रकम बराबर-बराबर बांट ली थी। पुलिस इसके सहअरोपी मोहम्मद शानू को पकड़ने का प्रयास कर रही है। एलजी शोरूम मामले में शिकायतकर्ता ने 30 लाख कैश चोरी होने का दावा किया था। लेकिन आरोपी केवल सात लाख रुपये चोरी की बात कह रहा है।

# एलजी 2022-2023 में निगम के भ्रष्टाचार की जांच सेवानिवृत जज से करवाएं: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार यादव ने भ्रष्टाचार को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मांग की है कि वर्ष 2022-2023 में दिल्ली नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार की जांच किसी सेवानिवृत जज से करवाएं, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने आरोप लगाए कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के भारी भ्रष्टाचार और लूट के चलते दिल्ली नगर निगम 14000 करोड़ रुपये का कर्जदार हो गया है। कर्मचारियों को वेतन देने का संकट के साथ सेवानिवृत कर्मचारियों की 3500 करोड़ से अधिक की देनदारी अभी भी बकाया है। यादव ने दिल्ली नगर निगम एकीकरण के बाद 2022-23 में आम आदमी पार्टी के शासनकाल में हुए आडिट में टैक्स वसूल की अनयियितताओं के कारण निगम को 312 करोड़ रुपये के राजस्व के नुकसान पर प्रतिक्रिया देते हुए मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के भारी भ्रष्टाचार और लूट के चलते जहां दिल्ली नगर निगम 14000 करोड़ रुपये का कर्जदार है, उसमें यूजर चार्ज न वसूलने और विज्ञापन में राजस्व की सही वसूली न होने के कारण करोड़ों का नुकसान



निगम को हुआ। जिसके लिए तत्कालीन सरकार जिम्मेदार होने के साथ भाजपा की सरकार भी जिम्मेदार है। क्योंकि भाजपा के निगम में 15 वर्षों के भ्रष्टाचार के कारण निगम का कर्ज 14000 करोड़ पहुंचा। यादव ने कहा कि निगम के सात विभागों के 77 आडिट पेराग्राफ जिनमें पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन उपनियमों के कार्यान्वन से लेकर आउटडोर विज्ञापन नीति के कम राजस्व प्राप्ति हुई। जबकि वन टाईम पार्किंग शुल्क की सही वसूली न होने या इसमें भारी भ्रष्टाचार होने के कारण निगम को करोड़ों को नुकसान सहना पड़ा। यादव ने कहा कि आडिट में उजागर हुआ है की ठोस कचरा प्रबंधन उपनियमों का पालन न करने से 155.1 करोड़ रुपये, एकमुश्त पार्किंग शुल्क और रिहायशी सम्पनियों से व्यवसायिक में परिवर्तन करने का कन्वर्जन शुल्क न वसूलने से 9 करोड़ रुपये, आउटडोर विज्ञापन नीति में खामियों के कारण 142 करोड़ रुपये, बस क्यू शैल्टर पर विज्ञापन से ट्रांसपोर्ट कम्पनी से 40.42 करोड़ कम मिलने से नुकसान, आईजीआई एयरपोर्ट पर राजस्व साझा करने की नीति के तहत विज्ञापन लगाने पर भी निगम को 81.97 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा। यही नही दिल्ली के हर घर से कचरा उठाने पर यूजर चार्च न वसूलने में भी अनियमितताएं पाई गई। दक्षिणी जोन में यूजर चार्ज न वसूलने से 84.9 करोड़, मध्य जोन में 70.23 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी शासन के दौरान भ्रष्टाचार ने जहां दिल्ली सरकार में लगभग सभी विभागों के कार्यों में अनियमितताएं आडिट में पाई गई। वहीं निगम को हजारों करोड़ के कर्ज से उबारने की जगह सैंकड़ों करोड़ का भ्रष्टाचार करके निगम को कर्ज तले दबाने का काम किया है। जबकि 3 करोड़ लाईसेंस फीस रिवाईज करने में देरी के कारण, 3.3 करोड़ दिल्ली सरकार से सेनीटेशन सर्विस के रिकवरी न करने के कारण, 2.9 करोड़ सम्पति कर और ब्याज जमा करने के अनुपालन में देरी के कारण, 3 करोड़ बिना अनुबंध कंक्रीट डिलीवरी के एवज में ठेकेदार को भुगतान के, 1.6 करोड़ रुपये बिना गुणवता आश्वसान के ठेकेदारों को भुगतान से नुकसान हुआ है। निगम के पास कर्मचारियों को वेतन देने का संकट भी गहरा गया है।

# एलजी सक्सेना के दिशा निर्देश पर एक साल में बदलने लगी निशानेबाजों की दिशा और दशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के दिशा निर्देशों पर लगातार किए गए कार्यों के चलते अब दिल्ली के निशानेबाजों को कई सुविधाएं मिलने लगी है। राजनिवास सचिवालय की तरफ से कहा गया है कि जनवरी 2024 में शूटिंग खिलाड़ियों के लिए शस्त्र लाइसेंसों को युक्तिसंगत बनाने से लेकर उनको मिलने वाली अन्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए एलजी सक्सेना के नेतृत्व में शुरुआत की गई। सक्सेना के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी में उभरते एथलीटों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। जिससे युवाओं में खेलों, विशेषकर निशानेबाजी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली को पेशेवर निशानेबाजी प्रशिक्षण के केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए और खेल प्रेमियों के लिए लालफीताशाही तथा अनावश्यक परेशानियों को कम किया जाए।



जिससे खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं मिले और वह आसानी से अपने हुनर के सहारे आगे बढ़ सके। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित खेलो इंडिया पहल में भी योगदान देगा। राजनिवास के अधिकारी के अनुसार पहले प्रसिद्ध निशानेबाजों के लिए नए लाइसेंस केवल दिल्ली में ही मान्य होते थे। लेकिन एलजी सक्सेना की पहल व दिशा निर्देश पर अब नए लाइसेंस अखिल भारतीय वैधता के साथ आते हैं जिससे खिलाड़ियों को काफी सुविधा हुई है और उनका खेल स्तर और बेहतर हो रहा है। शूटिंग खिलाड़ी को जहां पहले हथियार के लिए लाइसेंस लेने में लंबी व जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था वहीं अब लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल व युक्तिकरण बनाया गया है। अधिकारी की माने तो जहां पहले एक खिलाड़ियों को प्रति वर्ष केवल 20 कारतूस ही मिल सकते थे वहीं अब निशानेबाज खिलाड़ियों के लिए वार्षिक कोटा बढ़ाकर 10 हजार कारतूस कर दिया गया है। वहीं जहां पहले एक खिलाड़ी एक बार में केवल 10 कारतूस ही खरीद सकता था। वहीं अब प्रत्येक खिलाड़ी एक बार में एक साथ 1,000 कारतूस खरीद सकता है। जिससे खिलाड़ी को बार बार कारतूस खरीदने के लिए समय बर्बाद न करना पड़े और वह अपना ध्यान खेल निखारने में लगाए। अधिकारी ने बताया कि पहले खिलाड़ियों के आवेदनों का निपटारा लालफीताशाही के अधीन रहती थी और कोई समय सीमा तय नहीं थी कि कब निपटारा होगा, क्योंकि आफ़लाइन तरीके से कार्य करता था। लेकिन अब एलजी सक्सेना के दिशा निर्देश पर काया कल्प करते हुए ऑनलाइन पोर्टल आवेदनों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करता है और तय समय सीमा में कार्य हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि एलजी केवल निशाने बाजी पर ही नहीं बल्कि सभी खेलों पर बराबर ध्यान दे रहे है। हर खेल व हर खिलाड़ी को पूरा मान सम्मान व उसका अधिकार मिले इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे है। पीएम मोदी के खेलों के प्रति कार्यों को देखते हुए दिल्ली भी उसी के अनुरूप कार्य कर रही है।

## थानों से गवाही के खिलाफ कॉर्डिनेशन कमेटी ने बैठक के बाद की आज से दो दिन काम बंद की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद सभी थानों से पुलिस वालों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सीधे कोर्ट में गवाही के फैसले के खिलाफ दिल्ली के वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। आल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट बार एसोसिएशन ऑफ दिल्ली की कॉर्डिनेशन कमेटी ने गुरुवार को आपात बैठक बुलाई और सर्वसम्मति से फैसला लेते हुए 22-23 अगस्त को काम बंद हड़ताल की घोषणा कर दी। कमेटी के चेयरमेन वी के सिंह महामंत्री अनिल कुमार बसैया ने कहा कि उक्त फैसले के खिलाफ कल (शुक्रवार) से दिल्ली की सभी जिला अदालतों में हड़ताल रहेगी। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना कि पुलिस थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुलिस गवाही का कमेटी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि हड़ताल तब तक रहेगी जब तक एलजी विनय कुमार सक्सेना अधिसूचना को वापिस नहीं लेंगे। वहीं इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण त्यागी ने कहा कि सरकार के उक्त निर्णय से न्याय कई प्रकार की दिक्कतें भी पैदा होगी। उन्होंने कहा कि कॉर्डिनेशन कमेटी की आपात बैठक में विस्तार से हर पहलू पर चर्चा हुई उसके बाद ही हड़ताल जैसा कठोर निर्णय लेना पड़ा है। बता दें कि इसी माह गृहमंत्री अमित शाह ने थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा केवल पुलिस अधिकारियों के लिए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद एलजी सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के सभी 226 थानों को निर्दिष्ट स्थान को गवाही के लिए तैयार करने के निर्देश दिए थे, और उस पर कार्य भी हो रहा है। गृह मंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था कि किसी भी मामले में थानों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा केवल पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के लिए ही होनी चाहिए। अन्य गवाहों की थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही नहीं होनी चाहिए। लेकिन दिल्ली के वकीलों के केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ खड़े होने से मामला उलझता हुआ नजर आ रहा है।


**सूर्या इंडिया लिमिटेड**

सीआईएन– L74899DL1985PLC019991
पंजीकृत कार्यालयः बी–1/एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044. फोनः +91 11 45204115; फैक्सः +91 11 28898016;
ईमेलः cs@haldiram.com, वेबसाइटः www.suryaindialtd.com

**40वीं वार्षिक आम बैठक और हस्तांतरण खाताबंदी और ई–वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सूर्या इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 40वीं वार्षिक आम बैठक ("40वीं वार्षिक आम बैठक") शनिवार, 13 सितंबर, 2025 को दोपहर 01:00 बजे (आईएसटी) कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी–1/एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044 नें 40वीं एजीएम के लिए 18 अगस्त, 2025 को जारी नोटिस में निर्धारित कारोबार संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ 40वीं एजीएम की सूचना सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर या उनके ई–मेल आईडी पर भेज दी गई है, जिनका ई–मेल पता कंपनी या संबंधित डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत है।

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 91 और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियम 42, समय–समय पर संशोधित, के अनुसार यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां 40वीं एजीएम के प्रयोजन के लिए रविवार, 7 सितंबर, 2025 से शनिवार, 13 सितंबर, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 को पूरा हो गया है।

इसके अतिरिक्त, सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 36(1)(बी) के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट के सटीक पथ सहित वेबलिंक युक्त एक भौतिक संचार, जहाँ एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2024–25 देखी जा सकती है, बुधवार 20 अगस्त, 2025 को उन सदस्यों को भेज दी गई हैं जिन्होंने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं की है।

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथा संशोधित और सूचीबद्धता विनियमों के विनियमन 44 के सहपठित अधिनियम की धारा 108 के अनुसार, कंपनी सभी शेयरधारकों (भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों रूपों में शेयरधारकों) को 40वीं एजीएम के आयोजन स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है (अर्थात रिमोट ई–वोटिंग)। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एनएसडीएल को अधिकृत एजेंसी के रूप में नियुक्त किया है। अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिमोट ई–वोटिंग का विवरण निम्नानुसार है:

(क) 40वीं वार्षिक आग बैठक (एजीएग) के लिए जारी नोटिस गें उल्लिखित प्रस्तावों पर रिगोट ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से विचार किया जा सकता है।
(ख) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई–वोटिंग शुरू होने की तिथि और समयः **बुधवार, 10 सितंबर 2025 (प्रातः 09:00 बजे)**
(ग) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई–वोटिंग की कट–ऑफ तिथि और समयः **शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 (सांयः 05:00 बजे)।**
(घ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या 40वीं एजीएम में वोटिंग के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि **शनिवार, 6 सितंबर, 2025** है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि पर कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
(ङ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की अनुमति **शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025 को सांयः 05.00 बजे** के बाद नहीं दी जाएगी। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे कंपनी की 40वीं एजीएम में अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। कंपनी 40वीं एजीएम के आयोजन स्थल पर वोटिंग के लिए बैलेट की व्यवस्था करेगी। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे भी बैठक में शामिल हो सकते हैं, लेकिन बैठक में दोबारा वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
(च) कोई भी व्यक्ति, जो कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और नोटिस भेजने के बाद कंपनी का शेयरधारक बन जाता है और कट–ऑफ तिथि यानी शनिवार, 6 सितंबर, 2025 तक शेयरधारक है, evoting@nsdl.co.in; या cs@haldiram.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। 40वीं वार्षिक आम बैठक के लिए जारी नोटिस में यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया भी दी गई है, जो कंपनी की वेबसाइट www.suryaindialtd.com और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।
(छ) केवल वही व्यक्ति जिसका नाम कट–ऑफ तिथि तक सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, 40वीं वार्षिक आम बैठक में रिमोट ई–वोटिंग के साथ–साथ बैलेट के माध्यम से वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
(ज) कंपनी की 40वीं वार्षिक आग बैठक (एजीएग) की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://www.suryaindialtd.com के निवेशक सूचना अनुभाग में और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।
(झ) कंपनी ने श्री प्रदीप कथूरिया, प्रोपराइटर, मैसर्स पी. कथूरिया एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव (एफसीएस–4655, सीओपी–3086) को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रक्रिया (रिमोट ई–वोटिंग) के साथ–साथ 40वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में आयोजित वोटिंग प्रक्रिया के लिए संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।
(ण) 40वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की वोटिंग का नतीजा कंपनी की 40वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन से दो (2) कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा। घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, सदस्यों की जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट और एनएसडीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही स्टॉक एक्सचेंज को भी सूचित किया जाएगा।
(त) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग निर्देशों के लिए, शेयरधारक 40वीं एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को पढ़ सकते हैं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, कृपया सहायता अनुभाग के अंतर्गत https://www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध सहायता/अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई–वोटिंग मैनुअल देखें या evoting@nsdl.co.in पर ईमेल लिखें या एनएसडीएल हेल्पडेस्क से टोल फ्री नंबर 1800 1020 990/1800 224 430 पर संपर्क करें या कंपनी की कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी सुश्री पूजा को cs@haldiram.com पर लिखें या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पते पर बी–1/एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044 पर लिखें।

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
पूजा
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी,
एम. संख्याः ए67011
आरसी–03, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली–110023

दिनांकः 21.08.2025
स्थानः नई दिल्ली

## खबर संक्षेप

### वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे पर फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

नई दिल्ली। वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे पर कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के साउथ अनारकली एक्सटेंशन में अग्रवाल होमियो पैलिएटिव केयर सेंटर में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच हेतु लगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया और उन्हें सम्मानित भी किया। सेंटर ने घोषणा की है कि अब हर गुरुवार को बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विधायक डॉ अनिल गोयल , दिल्ली नगर निगम की हेल्थ कमेटी के डिप्टी चेयरमैन रमेश गर्ग , राजीव शर्मा चेयरमैन कोऑर्डिनेशन कमेटी एएचसी , ओपी गुप्ता चेयरमैन एडवाइजरी कमेटी एएचसी व समाजसेवी संजय शर्मा सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियों के ने बुजुर्गों का सम्मान किया। अपने संबोधन में विधायक गोयल ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर है, इनकी अच्छे से देखभाल करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है।

### बिजली की मांग बढ़कर पहुंची 7 हजार मेगावाट

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम बदलने का असर बिजली की खपत पर देखने को मिल रहा है। गत लगभग तीन चार दिनों से बिजली की खपत में लगातार बढ़ोतरी होने लगी। जिसके बाद गुरुवार को दिल्ली में बिजली की अधिकतम खपत का आंकड़ा बढ़कर 7 हजार मेगावाट के बेहद करीब दर्ज हुआ। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार गुरूवार 21 अगस्त 2025 दोपहर सवा तीन बजे करीब बिजली की अधिकतम मांग का ग्राफ बढ़कर 6915 मेगावाट पहुंच गया। जबकि बुधवार रात 11 बजे करीब उच्चतम मांग का आंकड़ा 6735 मेगावाट दर्ज हुआ था। वहीं जहां गुरुवार को न्यूनतम बिजली की मांग 4725 मेगावाट दर्ज हुई, वहीं बुधवार को यह मांग 4549 मेगावाट रही थी। बिजली की मांग बढ़ने के बावजूद बिजली आपूर्ति कंपनियां चिंतित नहीं है। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस का कहना है कि यह चिंता की कोई बात नहीं है।

### झूठे केस में अरेस्ट करने वालों को भी जेल भेजने का हो प्रावधानः सिसोदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार द्वारा आपराधिक मामले में लगातार 30 दिन जेल में रहने वाले मुख्यमंत्री या मंत्रियों को पद से हटाने को लेकर लाए जा रहे कानून का स्वागत करते हुए कई अहम सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी मुख्यमंत्री या मंत्री को झूठे केस में जेल भेजा जाता है तो उसे जेल भेजने वाले अधिकारी, एजेंसी और सरकार के मुखिया को भी जेल भेजने का कानून में प्रावधान होना चाहिए। अफसर-मुखिया को उतने ही साल तक जेल में रखा जाना चाहिए, जितने साल की सजा का प्रावधान उस आरोप में है। यह कानून आम आदमी को झूठे केस में जेल भेजने पर भी लागू होना चाहिए।

---

इन सभी अप्रत्याशित प्रहारों के बावजूद दिल्ली का साथ कभी नहीं छोड़ूंगी : सीएम

# अब दिल्ली की हर विधानसभा में होगी जनसुनवाई : रेखा गुप्ता

हमले के दूसरे दिन दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने काम पर लौट आईं और उन्होंने बड़ा फैसला लेते हुए कहा कि अब जनसुनवाई केवल मेरे घर पर ही नहीं, दिल्ली की हर विधानसभा में होगी। यह बात उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कही।



'बाधाएं आती हैं आएं
घिरें प्रलय की घोर घटाएं
पांवों के नीचे अंगारे
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं
निज हाथों से हंसते-हंसते
आग लगाकर जलना होगा
कदम मिलाकर चलना होगा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि मैं जब कॉलेज में थी, तब पापा ने मुझे कार चलाने के लिए दी। एक दिन बड़ा एक्सीडेंट हो गया। मैं डर गई और मुझे दुबारा कार को हाथ लगाने से डर लगने लगा। तब पापा ने कहा कि जीवन में दुर्घटनाएं होती रहती हैं, डरकर रुकना नहीं है। आप रास्ते पर चलना नहीं छोड़ सकती। आज उनकी वही सीख फिर याद आ रही है। कल फिर एक दुर्घटना हुई, लेकिन मैं दिल्लीवासियों के हितों के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ सकती। मेरे जीवन का हर क्षण और शरीर का हर कण दिल्ली के नाम है। मैं इन सभी अप्रत्याशित प्रहारों के बावजूद दिल्ली का साथ कभी नहीं छोड़ूंगी। वैसे भी, महिलाओं में तकलीफों से लड़ने की दोहरी ताकत होती है। उन्हें अपने आप को साबित करने के लिए अनगिनत परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। मैं भी तैयार हूं। अब जनसुनवाई केवल मेरे घर पर ही नहीं, दिल्ली की हर विधानसभा में होगी।

---

## इंद्राज ने नरेला में स्वच्छता दौड़ को दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के सीपीजे कॉलेज के पास गुरूवार को 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता दौड़' का आयोजन किया। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए नरेला के सीपीजे कॉलेज से लेकर सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल एवं वापसी में सीपीजे कॉलेज तक दौड़ का आयोजन किया। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, मनोनीत पार्षद विनोद सहरावत, स्थायी समिति की सदस्य अंजू अमन डबास, नरेला जोन वार्ड समिति की अध्यक्षा बबीता डबास, उपाध्यक्ष जनता देवी, बांकनेर वार्ड से पार्षद दिनेश भारद्वाज, मनोनीत पार्षद लक्ष्मण आर्य, नरेला जोन के उपायुक्त राकेश कुमार सहित निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता दौड़ में निगम कर्मियों, विभिन्न विद्यालय के छात्रों, नागरिकों एवं अर्ध सैनिक बलों के जवानों सहित लगभग 5000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। यहां मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने निगम शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की सराहना की। उन्होंने कहा कि भागीदारी से हम कूड़े की समस्या से निजात पा सकते हैं। इसी संदर्भ में एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि बुधवार को बवाना जे.जे. कॉलोनी में एक बदहाल पार्क का मात्र एक घंटे के श्रमदान में कायाकल्प कर दिया गया।

---

टूटी सड़कों व जलभराव पर किया प्रदर्शन

## मदनपुर डबास गांव में लोगों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली की लाइफलाइन कही जाने वाली 'मुंडका-कराला मार्ग' इन दिनों जनता के लिए अभिशाप बन चुका है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, बरसात में जलभराव और टूटी-फूटी सड़कें इस कदर बिगड़ चुकी हैं कि इस मार्ग पर सफ़र करना किसी सज़ा से कम नहीं रह गया है। हालात यह हैं कि रोज़ाना हज़ारों लोग हादसों और जाम के डर के साथ इस रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। गुरूवार को 'मदनपुर डबास के मुख्य मार्ग पर स्थानीय निवासियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर दिल्ली सरकार और नगर निगम की नाकामी की पोल खोल दी। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार शिकायत करने के बावजूद जनप्रतिनिधि और प्रशासन सिर्फ़ आश्वासन देता रहा, लेकिन ज़मीनी स्तर पर काम शून्य है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि सरकारें बदलती रहीं, नेता आते-जाते रहे, लेकिन हमारी सड़कों का दर्द वही का वही है। बरसात में गंदा पानी मोहल्लों की गलियों तक घुस जाता है और जनप्रतिनिधि व अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहते हैं। दिल्ली में केंद्र, राज्य सरकार और एमसीडी तीनों के पास मिलकर भी इस सड़क को ठीक करने का समय नहीं है। यह इलाका 'भाग्य विहार, रानी खेड़ा, कराला गांव, कंझावला रोड, मुंडका, राम विहार और आनंदपुर धाम' जैसे क्षेत्रों को जोड़ता है। बावजूद इसके, न तो निगम पार्षदों ने समस्या पर ध्यान दिया और न ही स्थानीय विधायकों ने जिम्मेदारी निभाई। मदनपुर डबास में हुए विरोध प्रदर्शन में गुस्से का आलम साफ़ दिखाई दिया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और चेतावनी देते हुए कहा कि अब चुप नहीं बैठेंगे और कि अगर जल्द ही सड़क मरम्मत और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकला, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र होगा। प्रदर्शनकारी लोगों का कहना है कि यह सिर्फ़ सड़क की समस्या नहीं, बल्कि प्रशासन की लापरवाही और नेताओं की अनदेखी का जीता-जागता सबूत है। अब समय आ गया है कि नेताओं और अफसरों को जनता की अनदेखी का हिसाब देना होगा।

---

## सर्विस रोड और ड्रेनेज व्यवस्था पर दिया जाए जोर : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को यूटी-स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि यूईआर-दो कॉरिडोर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी हो, सर्विस रोड और ड्रेनेज की व्यवस्था पर जोर दिया जाए जोर। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधीन चल रहे महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी गति को तेज़ करना था। चर्चा का प्रमुख केंद्र हाल ही में उद्घाटित अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 यूईआर-दो कॉरिडोर रहा, जो दिल्ली की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने और क्षेत्रीय संपर्क को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाने जा रहा है। बैठक में प्रवेश साहिब सिंह ने आदेश दिया कि यूईआर-दो कॉरिडोर पर निगरानी कैमरे, पर्याप्त स्टाफ, पेट्रोलिंग वैन तैनात किए जाएं और एम्बुलेंस नियमित अंतराल पर मौजूद हों ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। मंत्री प्रवेश ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्रियों को विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाएं मिलें, लेकिन सुरक्षा और संरक्षा से कोई समझौता ना हो। हमारा लक्ष्य लोगों को सुविधाजनक, सुरक्षित और भरोसेमंद यात्रा का अनुभव करना है। वहीं मंत्री प्रवेश ने कहा कि एनएसएआई को तुरंत सर्विस रोड का निर्माण करना चाहिए ताकि आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को यूईआर-दो तक सुगम और सुरक्षित पहुंच मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय कनेक्टिविटी के साथ-साथ कॉरिडोर पर यातायात प्रबंधन भी बेहतर होगा। उन्होंने यह भी बताया कि दिल्ली जल बोर्ड ने नांगली सकरावती गांव में पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है, जिससे परियोजना का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हल हो गया है।

बरसात के मौसम में जलभराव से बचने के लिए मंत्री ने निर्देश दिए कि कराला–कंझावला रोड, मुण्डका–कराला रोड और बारवाला गांव के पास स्थायी और मज़बूत ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाए। उन्होंने साफ कहा कि यह समाधान अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी होना चाहिए ताकि हर साल जलभराव की समस्या न हो। वहीं यूईआर-दो के पैकेज-5 की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रवेश साहिब सिंह ने बीएसईएस को ट्रांसफॉर्मर इंस्टॉलेशन तेज़ी से पूरा करने का निर्देश दिया और एनएचएआई को इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) के साथ समन्वय करने के आदेश दिए।

---

### दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने रखी मांगें

**नई दिल्ली।** विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज हमारे इतिहास और संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा रहे हैं। उनकी परंपराएं, संघर्ष और जीवनशैली भारतीय समाज को विशेष पहचान देती हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि इन समुदायों को उनके अधिकार, सम्मान और अवसर पूरी तरह से मिले। यह बात गुरुवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज की प्रतिनिधि कविता राठौड़ सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। यह बैठक आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाले 'विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस' की तैयारियों के सिलसिले में हुई। बैठक में बनजारा, गड़िया, नट, सिख लिगार, मनिहार, लुभाना, गीहरा, सांसी, कलंदर, कालबेलिया, सपेरा और जोगी समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने दिल्ली में "घुमंतु विकास बोर्ड" की स्थापना तथा जाति प्रमाण पत्र में डीएनटी (विमुक्त जानजातियां) का उल्लेख किए जाने की मांग रखी। मंत्री मिश्रा ने आश्वासन देते हुए कहा 31 अगस्त को मनाए जाने वाले 'विमुक्त एवं अर्ध घुमंतु समाज दिवस' के लिए दिल्ली सरकार पूरे उत्सव में सक्रिय सहयोग करेगी और भव्य कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में समाज के योगदान को प्रदर्शित करने और नई पीढ़ी तक उनकी परंपराओं को पहुँचाने के हर प्रयास में सरकार साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में इन समाजों पर काला कानून थोप दिया गया था, जिसके कारण इन्हें दशकों तक अन्याय और भेदभाव सहना पड़ा। इन समुदायों को अपराधी मानकर उनकी आजादी और गरिमा छीन ली गई थी। लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद 31 अगस्त 1952 को इन्हें स्वतंत्रता प्राप्त हुई और विमुक्त का दर्जा दिया गया।

### दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि पूरे देश का है चेहरा : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं बल्कि पूरे देश का चेहरा है, इसलिए इसे स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के केशवपुरम जोन द्वारा "दिल्ली को कूड़े से आज़ादी" अभियान के अंतर्गत रानी झांसी स्टेडियम, केशवपुरम में 'स्वच्छ दिल्ली संकल्प दिवस' के आयोजन पर यह संबोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने बड़े उत्साह और नागरिक भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जब भी दिल्ली को किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है, तो सबसे पहले हमारे सफाई सैनिक आगे बढ़कर काम करते हैं और समस्या का समाधान करते हैं। इस अवसर पर महापौर सिंह ने निगम कर्मियों और स्थानीय निवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने सफाई कर्मियों के निरंतर परिश्रम और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही राजधानी को साफ-सुथरा और रहने योग्य बनाए रखने में सफलता मिल रही है। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, गली-मोहल्लों और बाजारों में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें, कचरा सड़क पर न फेंकें और निगम द्वारा बनाए गए कूड़ेदानों व तय स्थलों का ही उपयोग करें। कार्यक्रम में सांसद प्रवीण खंडेलवाल, विधायक पूनम शर्मा, उपमहापौर जयभगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष विकेश सेठी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय रवि हंस, निगमायुक्त अश्वनी कुमार और निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने निगम की इस पहल की सराहना की और नागरिकों से अधिक से अधिक सहयोग देने की अपील की।

### दिल्ली को कूड़े से आज़ादी अभियान के तहत शाहदरा में चला स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गुरूवार को दिल्ली को कूड़े से



आज़ादी अभियान के तहत शाहदरा उत्तरी एवं शाहदरा दक्षिणी जोनों में आयोजित संयुक्त सफाई अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सड़क पर झाड़ू लगाकर क्षेत्रवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा, शाहदरा उत्तरी के उपायुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा, शाहदरा दक्षिणी के उपायुक्त बादल कुमार सहित दोनों जोनों के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में निगमकर्मी उपस्थित रहे। अध्यक्ष सत्या शर्मा ने इस अवसर पर शाहदरा मेट्रो स्टेशन से भोला नाथ नगर रोड पर निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

दिल्ली के विकास कार्यों में 'आप' डाल रही रोड़े : महापौर

## स्थायी समिति मामले में एमसीडी सदन बैठक में हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की बैठक में गुरूवार को उस समय हंगामा शुरू हो गया जब आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार 20 अगस्त को आयोजित हुई स्थायी समिति की बैठक में भाजपा पार्षद द्वारा उठाए गए भ्रष्टाचार के एक मामले पर विस्तार से बोलना चाहा। इस दौरान सदन बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्थायी समिति में जिस पर चर्चा हो चुकी है, उस पर आज चर्चा ना करें। चर्चा करनी हैं तो जनता के मुद्दों पर चर्चा करें। इस दौरान विपक्ष का हंगामा देखते हुए महापौर ने नेता



सदन प्रवेश वाही को एजेंडा पढ़ने की बात कही और इसी हंगामे के बीच एजेंडा पढा गया जिसमें पता ही नहीं चल पाया कि इस एजेंडे में से कितने प्रस्ताव पारित हुए, कितने पारित नहीं हुए।

**महापौर ने आप पर साधा निशाना**

सदन बैठक के स्थगित होने के बाद दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने नेता सदन और स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा के साथ प्रेस वार्ता की। इस दौरान महापौर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यूईआर-2 परियोजना की सौग़ात पर दिल्ली नगर निगम ने धन्यवाद किया। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता 'दिल्ली के विकास कार्यों में रोड़े डाल रही है। नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीति "ना काम करो, ना करने दो" है। और सत्या शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीति के कारण उनके स्वयं के पार्षद अंदरूनी रूप से असंतुष्ट परेशान हैं।

बता दें कि जैसे ही महापौर राजा इकबाल सिंह ने सदन की बैठक शुरू की तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रोहिणी में 11 हजार करोड़ रुपए की यूईआर -2 के उद्घाटन की शुभकामनाएं दी और सत्ता पक्ष द्वारा सदन में मोदी जी को धन्यवाद के नारे लगाए गए। इस दौरान विपक्षी दल इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी के अध्यक्ष मुकेश गोयल के कहने पर विपक्षी दलों के नेताओं ने दिवंगत नेता राजेश गहलोत व हादसों में मृत हुए नागरिकों के लिए शोक प्रस्ताव पढ़ा और 2 मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद पार्षद अनिल त्यागी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सोडियम लाइट्स के स्थान पर एलईडी लाइट्स लगाने का प्रस्ताव रखा। लेकिन इस दौरान आम आदमी पार्टी ने हंगामा करना शुरू कर दिया।

---

## 'समग्र स्वास्थ्य के लिए सरकार शुरू करेगी आयुष स्ट्रेस मैनेजमेंट ओपीडी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी, यूनानी और सिद्ध जैसी सभी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का होगा उपयोग

स्ट्रेस एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निदान और दिल्ली के नागरिकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर उसके बढ़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए दिल्ली सरकार राजधानी में आयुष स्ट्रेस मैनेजमेंट आउट पेशेंट डिपार्टमेंट्स (ओपीडी) शुरू करने की जा रही है। इन ओपीडी के जरिए सरकार मानसिक तनाव से संबंधित समस्या की शीघ्र पहचान, वक्त रहते उपचार और स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए प्रमाण-आधारित आयुष उपचार सेवाएं उपलब्ध कराएगी। गुरुवार को इस बाबत जानकारी देते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि ऐसी ओपीडी दिल्ली के प्रमुख आयुष मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कार्यरत होंगी, जिनमें आयुर्वेदिक एवं यूनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल, नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, डॉक्टर बीआर सूर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के साथ ही इहबास हॉस्पिटल में स्थापित मौजूदा आयुष इकाइयां शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

## रिटायर कर्मचारियों को सम्मानित किया




**फरीदाबाद।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ फरीदाबाद ने 80 वर्ष और 80 वर्ष से ऊपर की आयु वाले रिटायर कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व शाल देकर तथा फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और सभी के साथ लंच किया। इस मौके पर 20 रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिनमें श्रीमती कांता खुल्लर, चुन्नूराम, इंद्रजीत, बलवीर आदि।

## 50 हजार की रिश्वत लेते दारोगा रंगे हाथ पकड़ाया



**गाजियाबाद।** मेरठ की एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार की दोपहर को भोजपुर थाने की कालछिना पुलिस चौकी इंचार्ज को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दारोगा राजीव कुमार ने जैसे ही पीड़ित से 50 हजार रुपये लेकर अपने पास रखें। तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया। इसके बाद टीम उसे थाने ले आई और विधिक कार्रवाई कर रही है।

## झांसा देकर असम मूल की युवती से दुष्कर्म



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 थाना एरिया में शादी का झांसा देकर असम की युवती से रेप किए जाने का मामला सामने आया है। युवती ने असम जाकर आपबीती बताई जिसके बाद असम पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को आगामी कार्रवाई के लिए गुरुग्राम भेज दिया। असम ये जीरो एफआईआर मिलने के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। असम मूल की युवती गुरुग्राम में रह रही थी।

# बीपी स्कूल के होनहार छात्रों को मुख्यमंत्री सैनी ने किया सम्मानित

### सीएम सैनी ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र शौर्य, प्रांशु और शाश्वत ने हाल ही में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सब-सेंटर में 21 जून से 27 जून तक आयोजित इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त किया। इसका प्रमाण पत्र अब अगस्त में स्कूल को प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय बनी। इसी विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों छात्रों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक नवीन भी उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों का उत्साह बढ़ाया।



**प्रदेश की नई पीढ़ी नई पहचान बना रही है**

मुख्यमंत्री सैनी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के युवा आज विज्ञान, शोध और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे क्षेत्रों में नई पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई पीढ़ी की प्रतिभा देश के भविष्य को नई दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें और देश-प्रदेश का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में और अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय परिवार के लिए भी यह क्षण गर्व का विषय रहा। विद्यालय के चेयरमैन ओपी परमार और प्राचार्य जितेंद्र परमार ने छात्रों की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

**उपलब्धि विद्यालय के लिए सम्मान की बात**

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए सम्मान की बात है और इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। चेयरमैन ओपी परमार ने कहा कि विद्यालय सदैव अपने छात्रों को आधुनिक शिक्षा और नवाचार के अवसर प्रदान करने के लिए तत्पर है। वहीं प्राचार्य जितेन्द्र परमार ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की मेहनत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में विद्यालय के और भी विद्यार्थी इस तरह के अवसर प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाएंगे। छात्रों के माता-पिता ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय और अध्यापकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही उनके बच्चे यह उपलब्धि हासिल कर पाए हैं।

### प्रदर्शन के मंच से ही हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की

# नगर निगम कर्मचारियों ने दूसरे दिन काले झंडे व उल्टी झाड़ू कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की वायदा खिलाफी से नाराज नगर निगम के कर्मचारियों ने लगातार दूसरे दिन भी सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। भोजन अवकाश के समय सभी कर्मचारी निगम मुख्यालय बीके चौक पर एकत्रित हुए और सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर की अध्यक्षता में विरोध सभा की। सभा के बाद कर्मचारियों ने बीके चौक से नीलम चौक तक काले झंडे और उल्टी झाड़ूकर जोरदार प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि निकाय मंत्री ने विपुल गोयल 29 जून को पालिका कर्मचारियों से जल्द बैठक कर मांगों का समाधान करने का भरोसा दिलाया था और फायर के कर्मचारियों से 4 अप्रैल को बैठक कर उनकी मांगों का समाधान करने का भी आश्वासन दिया था लेकिन शहरी स्थानीय निकाय मंत्री एवं राजस्व मंत्री विपुल गोयल फायर और पालिका कर्मचारियों से किए गए वायदे पर खरा नहीं उतरे हैं, नाराज कर्मचारी अब आंदोलन करने के लिए मजबूर है। अब ये



कर्मचारी 10 व 11 सितंबर को हरियाणा प्रदेश के सभी विधायकों के आवास पर प्रदर्शन करते हुए विधायको को ज्ञापन सौंपेंगे तथा 26 सितंबर को सभी जिला उपायुक्तों के कार्यालय पर प्रदर्शन कर उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करेंगे।

इसके बाद गांव और शहर के सफाई कर्मचारी तथा सरकारी, अर्ध सरकारी, निगम बोर्ड कॉरपोरेशन यूनिवर्सिटीज व असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सफाई कर्मचारी मिलकर हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाएंगे भगवान वाल्मीकि जयंती से पहले सभी 6 कमिश्नरी स्तर पर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी और इसके बाद 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुरुक्षेत्र आवास पर सभी सफाई कर्मचारियों द्वारा एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शन के मंच से ही हरियाणा सरकार के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की जाएगी। यह ऐलान आज नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने किया शास्त्री ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों के साथ बहुत बड़ा विश्वास घात किया है। शास्त्री ने कहा कि केवल पालिका रोल पर लगे कर्मचारियों को सरकार ने 2100 वेतन बढ़ोतरी करने की घोषणा कर प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा कच्चे व पक्के कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया है। शास्त्री ने कहा कि पालिका परिषद निगम में सफाई सीवर के कार्य में काम करने वाले कर्मचारियों एवं ग्रामीण व सभी विभागों व विभिन्न प्रकार के ठेकों में कार्यरत कर्मचारी को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलना चाहिए। शास्त्री ने कहा कि सरकार ने लगभग 50 हजार सफाई मजदूर के वेतन में 2100 रुपए की बढ़ोतरी न कर कर्मचारियों के साथ अन्याय किया है, सरकार सभी नियमित अनियमित विभिन्न विभागों एवं ठेकों में लगे, सभी सफाई मजदूर कर्मचारियों को 2100 बढ़ोतरी का लाभ दे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व राज्य सचिव अनूप चिंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलवीर सिंह बालगुहेर सरकार पर सफाई कर्मचारी विरोधी होने का भी आरोप लगाया उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में 11 वर्षों के शासनकाल के अंदर भारतीय जनता पार्टी ने सफाई कर्मचारियों की पक्की भर्ती नहीं की है केवल सफाई और सीवर के काम को ठेकेदारी में देकर समाज के सबसे वंचित पिछड़े शोषित वर्ग को ठेकेदारों का बंधुआ मजदूर बनाने का कानूनी अधिकार ठेकेदारों को दिया है।

**सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का फैसला करेंगे**

श्री शास्त्री ने चेतावनी दी है कि यदि सफाई सीवर के काम में ठेकेदारी बंद नहीं की गई तो प्रदेश में एक बार सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल लेने का फैसला करेंगे। आज के प्रदर्शन को अन्य के अलावा कर्मी नेता दलीप बोहत जिला प्रधान, अनिल चिंडालिया जिला सचिव, महेश शर्मा नंद ढकोलिया, महेंद्र कुड़ियां, प्रेमपाल, राजवीर चिंडालिया, नरेश भगवाना, दर्शन सिंह सोया, रघुवीर चौटाला, महिला नेता सुरेश देवी, ललिता देवी, सुरेश मेलांदे, हरी सिंह खंडिया, दान सिंह उज्जैनवाल, नैन सिंह, शकुंतला सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।

### प्रतिवेदनों की जांच संबंधी बैठक संपन्न

## लोक कल्याण ही सरकार की प्रथम व मुख्य प्राथमिकता: सभापति असीजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश विधान मण्डल की प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जांच संबंधी समिति के सभापति मनीष असीजा ने गुरुवार को कहा कि लोक कल्याण ही सरकार की प्रथम व मुख्य प्राथमिकता है।

सभापति मनीष असीजा यहां समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सभापति मनीष असीजा के विकास भवन पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जिला प्रशासन ने सभागार में सभापति सहित श्रीमती सरिता भदौरिया सदस्य, डॉ.डीसी वर्मा सदस्य, गुरू प्रसाद मौर्या सदस्य, गौरव कुमार सदस्य, विनोद चतुर्वेदी सदस्य, संग्राम सिंह सदस्य, किरत सिंह सदस्य सहित समिति की टीम को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सभापति मनीष असीजा ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य लोक कल्याण है और लोक कल्याण ही सरकार की प्रथम व मुख्य प्राथमिकता है। जनता कर के रूप में सरकार के पास पैसा जमा करती है और सरकार लोक कल्याण में उस पैसों को परियोजनों के माध्यम से वापस जनता को देती है। हम जनता का पैसा जनता को ही देते हैं, इस कार्य में कोई रूकावट नहीं आनी चाहिए। नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम गाजियाबाद द्वारा किए गए कार्यों की समिति को प्रस्तुति दी गई। जीडीए सचिव राजेश सिंह ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समिति को प्रस्तुति दी गई।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सुभाष शर्मा, पुत्रः** रघु नंदन शर्मा, **पताः** मकान नः ए–28, गली न. 1, शहादतपुर एक्सटेंशन, करावल नगर, दिल्ली, **और भीः** गांव–मीठामई, थाना–बिसौली, जिला–बदायूं, यूपी., ने **FIR No.: 358/2018, U/S-279/338/ 468/471 IPC & 3/181, 5/180 & 146/196 MV Act, थानाः** निहाल विहार, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सुभाष शर्मा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सुभाष शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 358/2018, U/S-279/338/ 468/471 IPC & 3/181, 5/180 & 146/196 MV Act, थानाः** निहाल विहार, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **सुभाष शर्मा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांकः **25.09.2025** को गा इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग, एल.डी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
जिला पश्चिम, कमरा न. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11124/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **रमिन्दर सिंह, पुत्रः** इन्दरजीत सिंह, **पताः** मकान नः ए–94, बी/1, सुदर्शन पार्क, नई दिल्ली, और भीः ए–32/2, राजौरी गार्डन, रिंग रोड़ मार्किट, नियर पिल्लर न. 162, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 454/2019 U/s : 138 NI Act, थानाः** हरी नगर, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रमिन्दर सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **रमिन्दर सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 454/2019 U/s : 138 NI Act, थानाः** हरी नगर, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **रमिन्दर सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांकः **26.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह, एल.डी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एन आई एक्ट)–04
जिला पश्चिम, कमरा न. 04, उप भवन–1
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/11156/WD/2025
(Court Matter)

### एफआईआर दर्ज होने के बाद यूट्यूबर ने मांगी माफी

## सोशल मीडिया पर बसपा प्रमुख मायावती को मम्मी पुकारने वाले यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख व उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती को सोशल मीडिया पर मम्मी कहकर बुलाने वाले यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार के खिलाफ थाना शालीमार गार्डन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित की पुलिस कमिश्नर के नाम दी गई तहरीर पर दर्ज की गई है। दूसरी ओर एफआईआर दर्ज होने के बाद यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर माफी मांग ली है।

इससे पहले बसपा के ज़िलाध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने बुधवार को देर रात्रि पुलिस को दी थी। अपनी तहरीर में मोहित ने कहा है कि कहा कि गाजियाबाद के यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती की फोटो अपनी वीडियो में लगाकर उन्हें मम्मी का संबोधन करते हुए दिख रहा है। आरोपी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि इस वीडियो को लेकर बसपा के कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। पुनीत नाम के इस शख्स ने समाज का सौहार्द बिगाड़ने का अशोभनीय काम किया है। इसके लिए कठोर से कठोरता कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि ये भविष्य में किसी भी व्यक्ति विशेष पर अभद्र टिप्पणी न सके।



यूट्यूबर पुनीत सुपरस्टार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें वो मायावती को मम्मी कहकर संबोधित कर रहा था। वीडियो में वो कहता है- 'मायावती मम्मी, मेरे को आप बहुत याद आती हो। मैं भी आपको बहुत याद करता हूं। मम्मी आप कहां चली गई हो। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया था। आरोपी पुनीत ने अपने वीडियो को लेकर माफी भी मांग ली है। आरोपी ने वीडियो जारी कर कहा कि उसका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था। उसने कहा कि अगर उसके वीडियो से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। दोबारा ऐसी गलती नहीं करूंगा।

### अवैध एमटीपी किट बेचने के साथ दो मामले दर्ज, जांच शुरू

## स्वास्थ्य विभाग के रेड करने पर मकान मालिक को पीटा, की अश्लील हरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक क्लीनिक पर की गई रेड का गुस्सा आरोपी ने मकान मालिक पर उतार दिया। उसने न केवल घर में घुसकर मारपीट की बल्कि महिला के साथ अश्लील हरकत भी की। इस पर महिला ने सेक्टर-53 थाना पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। वहीं, सेक्टर-53 थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, सूचना के आधार पर सेक्टर-53 थाना एरिया में मैसर्स आभा होम्यो एवं डेंटल हाइजीन के नाम से बने क्लीनिक पर रेड की थी। यहां टीम को अवैध रूप से एमटीपी किट होने की सूचना मिली थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के मौके पर रेड करते ही यहां मौजूद नानी सरकार नामक व्यक्ति मौके से काली पॉलीथीन लेकर भाग खड़ा हुआ था। इस पर टीम ने क्लीनिक में रेड कर एमटीपी किट बरामद करने के साथ ही कुछ गर्भपात से जुड़े उपकरण भी बरामद कर क्लीनिक को सील कर दिया था। बताया जा रहा है कि इस रेड के कुछ देर बाद नानी सरकार वापस क्लीनिक की तरफ आया और मकान मालिक से झगड़ा करने लगा। आरोप है कि नानी सरकार ने इस रेड के पीछे मकान मालिक को ही शिकायत देने का कारण मानने लगा। नानी सरकार ने मकान मालिक से घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि यहां उसने महिला के साथ अश्लील हरकत भी की। सेक्टर-53 थाना पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। अब आरोपी नानी सरकार पर स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर अवैध रूप से एमटीपी किट बेचने के अलावा महिला की शिकायत पर मारपीट कर अश्लील हरकत करने के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

# एनकाउंटर में रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

### आरोपियों पर पहले भी कई संगीन मामले दर्ज हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम में देर रात को एसटीएफ बहादुरगढ़ और बदमाशों के बीच हुए एनकाउंटर में रोहित गोदारा गैंग के दो बदमाशों को काबू किया गया है। एनकाउंटर में एसटीएफ की टीम ने दो बदमाशों को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर-10 स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एसटीएफ इन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी। दोनों ही घायल लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े रोहित गोदारा के साथी बताए जा रहे हैं। जिन पर पहले भी कई संगीन मामले दर्ज हैं।

दरअसल, एसटीएफ बहादुरगढ़ के इंचार्ज इंस्पेक्टर राकेश कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि रेवाड़ी में पिछले दिनों हुई बदमाशों और पुलिस की मुठभेड़ में शामिल दो बदमाश गुरुग्राम के गढ़ी हरसरु में हैं। ये वही बदमाश हैं जिन्होंने रेवाड़ी के इंस्पेक्टर अनिल छिल्लर को गोली मारकर घायल कर दिया था। जोकि



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। इस सूचना के बाद एसटीएफ बहादुरगढ़ हरकत में आई और इन बदमाशों का पीछा करने लगी। एसटीएफ बहादुरगढ़ ने इन बदमाशों को गुरुग्राम के सेक्टर-10 थाना एरिया के अंतर्गत घेर लिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने दोनों ही बदमाशों के पैर पर गोली मारकर इन्हें काबू कर लिया। इनकी पहचान रेवाड़ी के यशपाल और नितिन के रूप में हुई। जिन्हें इलाज के लिए सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। फिलहाल सेक्टर-10 थाना पुलिस की निगरानी में इन बदमाशों का इलाज किया जा रहा है। एसटीएफ अधिकारियों की मानें तो मामले में घायलों की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ की जाएगी। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन पर सामने आया कि आरोपी नितिन पर चोरी, मारपीट, लड़ाई-झगड़े, पॉक्सो एक्ट तहत कुल सात केस रेवाड़ी में व शस्त्र अधिनियम के तहत एक केस गुरुग्राम में दर्ज है।

***आरोपी बड़ी वारदात करने की फिराक में थे***

*पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप कुमार ने कहा कि पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए पुलिस की फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राईम की टीमों को घटनास्थल पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। घटनास्थल से 02 पिस्टल (आरोपियों द्वारा फायरिंग करने में प्रयोग की गई) व 09 खाली खोल कारतूस बरामद किए गए। आरोपी हथियारबद्ध होकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, जब पुलिस टीम द्वारा उन्हें काबू करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर गोली चलाकर जानलेवा हमला किया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना सेक्टर-10, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया।*

## *सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित मूक बधिर लड़की ने की खुदकुशी घर में फंदे से लटका मिला शव*

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के थाना लोनी क्षेत्र में 23 साल की सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित एक युवती ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को पीड़िता के घर पर ही उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला। युवती के साथ 18 अगस्त को सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। जिसके बाद अब उसने ये कदम उठाया है। सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद पीड़ित युवती के पिता की दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें बताया गया था कि तीन लोगों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती मूक बधिर और मानसिक रोगी भी थी।

परिजनों के अनुसार युवती मूक बधिर और मानसिक रोगी थी तो वो अक्सर बिना बताए घर से निकल जाती थी। 18 अगस्त को निकलकर पास के एक गांव में पहुंच गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया है कि वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। परिजनों ने पुलिस पर और भी गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का यह भी आरोप है कि न तो समय से उनकी रिपोर्ट दर्ज की गई और ना ही मेडिकल कराया गया। साथ ही मौत के बाद एक टेंपो में उसके शव को ले जाया गया।

**"प्रपत्र सं. आईएनसी–25ए**
**सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में परिवर्तित करने के लिए समाचार–पत्र में प्रकाशित होने वाला विज्ञापन**
**क्षेत्रीय निदेशक, कम्पनी मामलों का मंत्रालय**
**उत्तरी क्षेत्र के समक्ष**
**कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी ( निगमन ) नियमों, 2014 के नियम 41 के मामले में**
**और**

**मै. सिंधु रीयल्टर्स लिमिटेड**, जिसका पंजीकृत कार्यालय 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, रोहतक रोड, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–110035 में है, के मामले में **आवेदक/याचिकाकर्ता**

आम जन को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी, उपरोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के तहत केन्द्रीय सरकार को एक आवेदन करने की इच्छुक है और ऐसे परिवर्तन को प्रभावी बनाने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने हेतु 14.07.2025 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार एक निजी लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित होने की इच्छुक है

कोई भी व्यक्ति, जिसका हित कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन/स्तर से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित की प्रकृति और विरोध के आधारों को वर्णित करते हुए एक शपथ–पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003 को नीचे वर्णित पते पर इसके पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कम्पनी को एक प्रति सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के अंदर, वितरित कर सकता है या वितरित करवा सकता है या पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है :

**कृते व आवेदक की ओर से**
**सिंधु रीयल्टर्स लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**सोमवीर सिंधु**
**( निदेशक )**
**डीआईएन : 06680118**

दिनांकः 21 अगस्त, 2025
स्थानः नई दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय :–129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, रोहतक रोड, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–110035

## खबर संक्षेप

### दरभंगा एयरपोर्ट से रात में भी उड़ान की सुविधा

**दरभंगा।** दरभंगा एयरपोर्ट से हवाई हवाई सफर करने वाले मिथिलांचल सहित उत्तर बिहार के




जिले के लोगों के लिए उत्साहजनक खबर है। अब यहां से दिन के साथ ही रात में भी हवाई सफर का लाभ उठा पाएंगे। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया में तेजी आई है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो विभागीय प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद नाइट लैंडिंग एवं उड़ान की सेवा बहाल कर दी जाएगी।

### बिहार में राजस्व कर्मियों के ट्रांसफर पर रोक

**पटना।** बिहार में राजस्व कर्मियों के ट्रांसफर पर रोक लग गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अगले एक



महीने तक कर्मियों पर किसी तरह का ऐक्शन भी नहीं लेगा। राज्य में चल रहे राजस्व महा–अभियान को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। इस अवधि में किसी भी कर्मचारी को सस्पेंड नहीं किया जाएगा। इस संबंध में विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त को पत्र भेजा है।

### बर्ड फ्लू के बाद यूपी में बढ़ा डेंगू का खतरा

**आजमगढ़।** डेंगू मरीजों की दस्तक से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है। मौसम में बदलाव के कारण अब



डेंगू मरीज उभर कर सामने आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य महकमा ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। जिला अस्पताल में 10, सीएचसी में पांच और पीएचसी में दो के साथ 100 शैय्या अस्पताल में 10 बेड सुरक्षित किए गए हैं। लार्वा भी अब पनपने लगे हैं, जो आने वाले दिनों में लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

---

## नवंबर में रोप-वे का लोकार्पण

# बनारस में भी चलेगी मेट्रो, केंद्र व राज्य सरकार की मंजूरी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी मेट्रो ट्रेन चलेगी। राज्य और केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। जल्द ही सर्वे के लिए एजेंसी का चयन होगा। इसके साथ ही यहां बन रहे रोप-वे का लोकार्पण भी नवंबर में होगा।**

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

जिले में एक तरफ रोप-वे की सवारी जल्द शुरू होने वाली है। इसके लोकार्पण की तारीख करीब फाइनल हो चुकी है तो दूसरी तरफ मेट्रो ट्रेन चलाने है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने वाराणसी में मेट्रो संचालन की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। शहर के विस्तार को देखते हुए इसे आवश्यक बताया गया है। जिला प्रशासन ने सर्वे के लिए राइट्स सहित अन्य कंपनियों से बातचीत शुरू कर दी है। सब कुछ ठीक रहा तो साल के अंत तक सर्वे शुरू करा दिया जाएगा।

वर्ष 2014 के बाद से शहर का विस्तार पिंडरा, चोलापुर और चौबेपुर तक हुआ है। इसके साथ शहर से सटे कई गांवों में कॉलोनियां, औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थान भी खुलने लगे हैं। आगामी दिनों रिंग रोड और वाराणसी-प्रयागराज राजमार्ग पर स्पोर्ट्स स्टेडियम से लेकर कई अस्पताल और औद्योगिक इकाईयां भी खुलने वाली हैं।

इसके साथ ही राजघाट पुल के समानांतर सिक्सलेन का पुल गंगा पर बन जाने के बाद पड़ाव और रामनगर सहित अन्य इलाके शहर से सीधे जुड़ जाएंगे। इन सभी इलाकों में सुगम ट्रैफिक और यात्रा की रफ़्तार बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने मेट्रो संचालन की तैयारी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि लगातार बढ़ रही आबादी और विस्तार को देखते हुए यहां मेट्रो का संचालन आवश्यक हो गया है।

### कैंट स्टेशन को ट्रैफिक का मल्टी मोडल टर्मिनल बनाया जाएगा




वर्तमान में रोप-वे परियोजना पर काम चल रहा है। रोपवे का संचालन शुरू होने के बाद अगले चरण में शहर के बाहरी इलाकों और मुख्य राजमार्गों को जोड़ते हुए शहर से मेट्रो का संचालन किया जाएगा। जिलाधिकारी के मुताबिक कैंट स्टेशन को ट्रैफिक का मल्टी मोडल टर्मिनल बनाया जाएगा। यहां से रोपवे अन्य रूटों पर संचालित होगी। कैंट स्टेशन पर मेट्रो, ट्रेन, रोपवे और शहर के अंदर एसी बसों को भी जोड़कर चलाया जाएगा। इन सभी का इंटीग्रेटेड कॉरिडोर भी यही बनेगा, ताकि लोगों को शहर के किसी भी हिस्से में जाने के लिए भटकना न पड़े।

### कार्यदाई एजेंसी को अंतिम डेट लाइन दे दी गई

डीएम ने बताया कि रोपवे का लोकार्पण नवंबर मे किया जाएगा। इसके लिए कार्यदाई एजेंसी को अंतिम डेट लाइन दे दी गई है। यह भी बताया कि बीच में कोई अन्य स्टेशन का उद्घाटन नहीं होगा। पूरी परियोजना एक साथ लोकार्पित होगी। इसे संचालित करने के अलग अलग व्यवस्थाओं पर काम शुरू हो गया है।

---

## यूपी के सभी जिलों में सीएम योगी के आदेश पर जल्द शुरू होने जा रहा विशेष अभियान

# 16 सितंबर से किसानों का शुरू होगा रजिस्ट्रेशन सरकार ने रखा 2.88 करोड़ पंजीयन का लक्ष्य

**अब तक लगभग 1.45 करोड़ किसान, लक्ष्य के 50 प्रतिशत से अधिक पंजीकृत हो चुके हैं। बिजनौर 58 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण के साथ राज्य में सबसे आगे है।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि वह 100 प्रतिशत किसान पंजीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 16 सितंबर से राज्यव्यापी अभियान शुरू करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। सरकार ने कहा कि राजस्व विभाग को राजस्व अधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने का निर्देश दिया गया है ताकि भूमि स्वामित्व रिकॉर्ड में आधार के अनुरूप सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

सरकार ने 2.88 करोड़ से अधिक किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है। अब तक लगभग 1.45 करोड़ किसान - लक्ष्य के 50 प्रतिशत से अधिक - पंजीकृत हो चुके हैं। सरकार ने एक बयान में कहा, 'बिजनौर 58 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण के साथ राज्य में सबसे आगे है। इसके बाद हरदोई (57.84 प्रतिशत), श्रावस्ती (57.47 प्रतिशत), पीलीभीत (56.89 प्रतिशत) और रामपुर (56.72 प्रतिशत) हैं. ये किसान पंजीकरण के मामले में शीर्ष पांच जिलों में शामिल हैं।

*पिछड़े जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के दिए गए निर्देश*

*रिकॉर्ड्स को डिजिटाइज करने पर फोकस*



### 100 प्रतिशत सत्यापन पहले ही पूरा

*बयान में कहा गया है, 'जो किसान पंजीकरण प्रक्रिया में अभी तक शामिल नहीं हुए हैं उनके प्रमाण-पत्रों का सत्यापन क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। अमरोहा, आजमगढ़, बलरामपुर, एटा और जौनपुर जैसे जिलों में 100 प्रतिशत सत्यापन पहले ही पूरा हो चुका है।' सरकार ने कहा कि उसने सभी जिलाधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के तहत अगली किस्त जारी होने से पहले 100 प्रतिशत किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारियों को व्यापक आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां चलाने के लिए भी कहा गया है, जबकि जमीनी अधिकारी पूर्ण कवरेज हासिल करने के लिए पिछड़े जिलों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।*

### पीडीए की बात करने वाले पहले दंगे भड़काते थे, हिंदू त्योहार रोकते थे

कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर अलीगढ़ में आयोजित हिंदू गौरव दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष खासकर समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। योगी ने कहा कि जो लोग आज पीडीए यानी परिवार विकास अथॉरिटी के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वही लोग कभी दंगे भड़काते थे और हिंदू त्योहारों पर रोक लगाते थे। वो लोग कांवड़ यात्रा पर रोक लगाते थे, दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव में बाधा डालते थे। जब दंगे होते थे, अलीगढ़, बरेली, मुजफ्फरनगर और मेरठ में हिंसा भड़कती थी, तब ये लोग पीड़ित हिंदुओं, दलितों और पिछड़ों के पक्ष में नहीं बोलते थे।

---

## चुनाव से पहले मुस्लिम समाज से बोले सीएम

# कोई भी दिक्कत हो तो बिना देरी किए करेंगे समाधान



एजेंसी ▶▶ पटना

चुनाव को लेकर राज्य में हलचल तेज है। बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज से बातचीत की है। सीएम नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उनकी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि मुस्लिम समाज हमारे कार्यो के साथ पूर्ववर्ती सरकार के कार्यो को देखें। गुरुवार को बापू सभागार में बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हम अल्पसंख्यक समाज के लिए आज भी काम कर रहे हैं। हमारे पहले की सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया।आज भी वो लोग कुछ नहीं कर रहे हैं।

### राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का 100 वर्ष पूरा

*नीतीश कुमार ने कहा कि खुशी की बात है बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का 100 वर्ष पूरा हो रहा है। यहां करीब 15000 की संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। पहले कुछ नहीं था , कोई काम नहीं हुआ, पहले बुरा हाल था ...हम लोग जब सरकार में आए तब काम करना शुरू किए। आज बिहार में कानून का राज है।*

### एनडीए सरकार ने किया मुसलमानों के लिए काम

*सीएम ने कहा कि 2005 के पहले मुस्लिम समुदाय के लिए काम नहीं किया जाता था । एनडीए की नई सरकार बनने के बाद मुसलमानों के लिए काम किया गया। पहले झगड़ा बहुत होता था। 2006 से ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई। आज मदरसा के शिक्षकों को सरकारी शिक्षकों के बराबर समान वेतन दिया जा रहा है। पहले मदरसा शिक्षक को पैसा नहीं नहीं मिलता था। अब समान वेतन मिलता है।*

---

## पेज एक का शेष

### विपक्ष में भी कई...

चाय पार्टी के दौरान की, जिसमें किसी भी विपक्षी सांसद ने भाग नहीं लिया और यह एनडीए के नेताओं तक ही सीमित रही। चाय पार्टी के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि विपक्षी सांसद संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए मजबूर हैं क्योंकि वे राहुल गांधी से बेहतर वक्ता हैं, लेकिन लोकसभा में विपक्ष के नेता उन्हें प्रोत्साहित नहीं करना चाहते। विपक्षी सांसदों द्वारा संसद की कार्यवाही नियमित रूप से बाधित की जाती रही है।

### लोकसभा और राज्यसभा ...

अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने मानसून सत्र में कार्यवाही में गतिरोध बनाए रखने पर विपक्षी दलों के प्रति निराशा प्रकट करते हुए कहा कि नियोजित तरीके से सदन के कामकाज में व्यवधान पैदा किया गया जो लोकतंत्र और सदन की मर्यादा के अनुरूप नहीं है। अठारहवीं लोकसभा के पांचवें सत्र की शुरुआत 21 जुलाई को हुई थी जिसमें 14 सरकारी विधेयक पेश किए गए और 12 विधेयक पारित किए गए।

### टैरिफ पर 'हैरान' करने ...

होता है। क्योंकि रूस से भारत नहीं बल्कि यूरोपीय संघ (ईयू) सबसे ज्यादा एलएनजी की खरीद कर रहा है। ऐसे में अमेरिका ने केवल भारत पर टैरिफ (50%) लगाया, चीन पर क्यों नहीं? साथ ही 2022 के बाद दक्षिण के कुछ देशों ने रूस के साथ सबसे ज्यादा व्यापार बढ़ाया है। भारत इसमें भी दूर-दूर तक शामिल नहीं है। इन सबके बावजूद बीते कुछ वर्षों से अमेरिका भारत से कह रहा है कि उसे वैश्विक ऊर्जा बाजार को स्थिर बनाने के लिए सब कुछ करना चाहिए। जिसमें रूस से तेल की खरीद भी शामिल है। उसका ये तर्क हमारे लिए बहुत हैरान करने वाला है। वहीं, इन सबके के उलट हमारी (भारत) अमेरिका से भी तेल की खरीद जारी है, उसकी मात्रा भी बढ़ी है। यहां बता दें कि जयशंकर बीते 19 अगस्त से रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। लावरोव से पहले उन्होंने बुधवार को रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटूरोव के साथ दोनों देशों के संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की और भारत-रूस व्यापार संघ की बैठक को भी संबोधित किया था। भारत वर्तमान में रूस से 35.1 फीसदी तेल खरीद रहा है। विदेश मंत्रालय ने जयशंकर के इन दोनों आयोजनों को लेकर दो आधिकारिक बयानों के जरिए भी जानकारी दी है।

### यह है अमेरिका का...

लगाया है। जिसमें 25 फीसदी रूसी तेल की खरीद पर लगाया गया जुर्माना है। अगर भारत रूस से यूं ही तेल खरीदता रहा तो आने वाले वक्त में अमेरिका उस पर लगाए गए मौजूदा टैरिफ की दर में और अधिक बढ़ोतरी कर सकता है। जिसका आधार बहुत हद तक अमेरिका-रूस के राष्ट्राध्यक्षों की यूक्रेन युद्ध को खत्म कराने के लिए चल रही बातचीत के परिणाम पर टिका हुआ है। अमेरिका की चेतावनियों के बावजूद भारत ने मामले पर अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय हित में देश के नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। भारत की तेल खरीद उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं और वैश्विक बाजार की स्थिति पर निर्भर करती है।

### मास्को में रूस के ...

किया। जिसमें उन्होंने कहा कि रूस से भारत नहीं बल्कि चीन सबसे ज्यादा कच्चे तेल की खरीद करता है। बावजूद इसके अमेरिका ने केवल भारत पर ही टैरिफ लगाया, चीन को इससे बाहर रखा गया है। इसी तरह से एलएनजी के मामले में भी रूस से यूरोपीय संघ की सर्वाधिक खरीद है। भारत इसमें भी कहीं शमिल नहीं है। हम अमेरिका से भी तेल खरीद रहे हैं, जिसकी मात्रा में भी बढ़ोतरी हो रही है। जयशंकर ने लावरोव संग अपनी बैठक में दोनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार असंतुलन को दूर करने की दिशा में उठाने जाने वाले कई जरूरी कदमों का भी जिक्र किया।

**पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच संवाद जारी :** गौरतलब है कि उक्त टैरिफ संकट के मध्य भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच टेलीफोन पर लगातार बातचीत जारी है। बीते दिनों रूस के राष्ट्रपति ने पीएम को अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत से जुड़े प्रत्येक घटनाक्रम से अवगत कराया था। दोनों देश अपनी पुरानी और भरोसेमंद साझेदारी को भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति के साथ हुई अपनी चर्चा को लेकर एक्स पर पोस्ट में कहा था कि पुतिन मेरे मित्र हैं। हम दोनों ने आगे भी निकट संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई है। भारत ने यूक्रेन विवाद का लगातार बातचीत और कूटनीति के जरिए शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकालने की वकालत की है। 2025 के अंत में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत में आयोजित किए जाने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शिरकत करने के लिए नई दिल्ली की यात्रा कर सकते हैं। जल्द ही इस संबंध में उनकी यात्रा और इस महत्वपूर्ण आयोजन से जुड़ी हुई अंतिम तारीखों की घोषणा की जाएगी।

### आईएसएस पर पहुंचने ...

की राह पर चर्चा की। ग्रुप कैप्टन की यह यात्रा भारत के युवा मन को प्रेरित करेगी। राष्ट्र को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है'। बताते चलें कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला आईएसएस से लौटने के बाद बीते रविवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। जिसके बाद सबसे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। लोकसभा में उनकी कामयाबी पर विशेष चर्चा के साथ पूरे सदन की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बधाई दी।

**स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना पर जोर :** रक्षा मंत्री ने ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ हुई बातचीत में भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में वायुसेना की अहम भूमिका को भी रेखांकित किया। साथ ही बताया कि इसरो के सहयोग से अंतरिक्ष यात्रियों का चयन, प्रशिक्षण और मिशन सहायता इसमें मुख्य रूप से शामिल है। भारतीय वायुसेना कर्मियों की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों की दिशा में देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण कारक हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भारत अपने स्वयं के अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जिसके पूर्व में हमने चंद्रमा और मंगल ग्रह अन्वेषण में विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपलब्धियां हासिल की हैं। ग्रुप कैप्टन शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर की गई सफल यात्रा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जो एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में देश की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में इसरो, वायुसेना और अन्य राष्ट्रीय हितधारकों के बीच सामंजस्य को प्रदर्शित करती है।

### जीएसटी में खत्म ...

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा। जीएसटी काउंसिल द्वारा अपनी आगामी बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए इन सिफारिशों पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

### वरिष्ठ आईपीएस सतीश...

नियुक्त किया जाता है। गोलचा, होमगार्ड्स के महानिदेशक एसबीके सिंह का स्थान लेंगे, जिन्हें गृह मंत्रालय ने 1 अगस्त को दिल्ली पुलिस का कार्यवाहक आयुक्त नियुक्त किया था।

**जनसुवाई में किया था हमला :** यह घटनाक्रम दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर सिविल लाइंस स्थित उनके आधिकारिक आवास पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के एक दिन बाद हुआ है। गुप्ता पर गुजरात के राजकोट से आए एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने हमला किया, जो शिकायतकर्ता बनकर अंदर घुसा था। राजकोट निवासी ऑटो चालक, आरोपी राजेशभाई खिमजीभाई सकरिया को मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम और वहाँ मौजूद अन्य लोगों ने पकड़ लिया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री गुप्ता पर हुए हमले की गाज कार्यवाहक आयुक्त एसबीके सिंह पर गिरी है।

### हाइकोर्ट जजों पर हर...

का कितना पैसा हर दिन खर्च हो रहा है? जितना लोगों ने मुझ पर विश्वास किया, क्या मैं समाज को उतना लौटा पा रहा हूं? शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि हमने न्याय के मंदिर बनाए हैं, लेकिन उनके दरवाजे उन्हीं लोगों के लिए संकरे होते जा रहे हैं जिनकी सेवा के लिए ये अदालतें बनाई गई थीं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के 'न्याय सभी के लिए' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में जस्टिस सूर्यकांत ने मामलों के फैसले होने में हो रही देरी, बार-बार सुनवाई स्थगित होने और जटिल मामलों की लंबी सुनवाई पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग न सिर्फ अपने मामलों पर सुनवाई का इंतजार कर रहे हैं बल्कि वे हमें याद दिला रहे हैं कि हम न्याय देने के लिए नियुक्त हुए हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने की और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

---

## मां आफ्शा अंसारी से जुड़ा है मामला

# मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की जमानत अर्जी खारिज

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर



अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एमपी-एमएलए कोर्ट के जज शक्ति सिंह ने गुरुवार को उमर अंसारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। उमर पर अपनी मां आफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर कर कोर्ट में आवेदन दाखिल करने का आरोप है। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता कृपा शंकर राय ने जमानत का कड़ा विरोध किया।

दरअसल, गैंगस्टर एक्ट के तहत गाजीपुर के शहर कोतवाली क्षेत्र के देवड़ी बल्लभ दास में आईएस-191 गैंग के सरगना रहे मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी की संपत्ति कुर्क की गई थी। इस कुर्क संपत्ति को छुड़ाने के लिए मुख्तार के छोटे बेटे उमर अंसारी ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस अर्जी में उमर ने अपनी मां, 50 हजार की इनामी आफ्शा अंसारी के फर्जी हस्ताक्षर किए थे। मामले का खुलासा होने पर मुहम्मदाबाद कोतवाली में उमर अंसारी और उनके वकील लियाकत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने उमर को लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद उमर की ओर से अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एमपी-एमएलए कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दी गई थी। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई, जिसमें जज शक्ति सिंह ने जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। सरकारी अधिवक्ता कृपा शंकर राय ने कोर्ट में तर्क दिया कि उमर ने फर्जीवाड़ा कर कोर्ट की प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की है। इसी दलील के आधार पर जमानत खारिज की गई।

---

## आयोग ने पंजीयन निरस्त करने का नोटिस भेजा

# बिहार चुनाव से पहले 15 पार्टियों पर लटकी तलवार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले 15 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द होने की तलवार लटक गई है। चुनाव आयोग ने इन दलों को कारण बताओ नोटिस भेजकर डिलिस्ट (DeList) करने की तैयारी कर ली है। इनमें भारतीय युवा जनशक्ति पार्टी, जनता दल हिंदुस्तानी, राष्ट्रीय सद्भावना पार्टी, मि थि लां च ल विकास मोर्चा समेत अन्य दल शामिल हैं। चुनाव आयोग ने इन सभी दलों से 1 सितंबर को दोपहर में 3 बजे बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सामने उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया है।




निर्वाचन आयोग का कहना है कि जिन पार्टियों को नोटिस भेजा गया है, उन्होंने बीते 6 सालों में एक बार भी चुनाव नहीं लड़ा है। इसके बावजूद वे लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत पंजीकृत राजनीतिक दलों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। आयोग इन पार्टियों को डिलिस्ट करने जा रही है। ये सभी गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं, जो भारत निर्वाचन आयोग से रजिस्टर्ड हैं।

---

# झारखंड में खड़ी कार में मिला 'नोटों का पहाड़' किसकी थी गाड़ी, खोजने में लग गई पुलिस

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के पलामू जिले में एक लावारिस हालत में मिली कार से भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, कार से कुल 46 लाख रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध लाल रंग की एसयूवी डाल्टनगंज से पनकी की ओर जा रही है। जब कार को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में कार चालक उसे छोड़कर भाग गए तो पुलिस ने कार बरामद की और उसमें रखा पैसा बरामद कर लिया।



प्रतीकात्मक फोटो

### बीमा और पंजीकरण के दस्तावेज भी मिले

इस मामले की जानकारी देते हुए उपमंडल पुलिस अधिकारी (लेस्लीगंज) मनोज कुमार झा ने बताया कि कुछ देर बाद छत्तीसगढ़ में पंजीकृत वाहन तेतराई बलियारी मोड़ के पास सड़क किनारे लावारिस हालत में मिला। उन्होंने बताया कि इसे पास के पुलिस थाना ले जाया गया और गहन तलाशी में कई प्लास्टिक के पैकेटों में नकदी बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि उन्हें कार के अंदर से बीमा और पंजीकरण के दस्तावेज भी मिले हैं और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस कैश के मालिक की भी तलाश कर रही है, जिससे इस कैश के भंडार के स्रोत का पता लगाया जा सके।

### पुलिस ने की थी रोकने की कोशिश, बाद में कार छोड़ भागे


*इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार के पनकी की तरफ जाने की जानकारी मिली थी। इसके तुरंत बाद ही पुलिस ने ऐक्शन लेते हुए कार का पीछा किया और उसे रोकने की कोशिश की। इस दौरान तेज रफ्तार से निकली कार को पुलिस नहीं रोक पाई। आगे जाने पर देखा तो कार चला रहे लोग कार को छोड़कर भाग गए। उस लावारिस कार की जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें से कैश का भंडार निकला। पुलिस ने बताया कि कुल 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। उसे जब्त कर लिया गया है।*



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू



बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा,'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी जोर से तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे







उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी


एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी




बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *

**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## जीके क्विज-167

1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-166 का उत्तर** : 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले** : कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा

बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर



छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।



**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से



खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो



जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *

### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'


एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## रंग भरो-183

**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


रितेश, मटियारी


भव्या, बिलासपुर


प्रगति, बिलासपुर


गोपिका, ईमेल से


शुभम, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184



बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## कैडर के पद पर उसी कैडर के अफसरों की नियुक्ति की मांग

# महिला व बाल विकास विभाग में विभागीय पद पर एसएएस की नियुक्ति पर नाराजगी बढ़ी, हड़ताल पर जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रमहिला व बाल विकास विभाग में अपर संचालक के पद पर राज्य प्रशासनिक सेवा (एसएएस) के अफसर की नियुक्ति किए जाने का मामला गहरा गया है। विभागीय कैडर के अफसरों ने इस पर जमकर नाराजगी जताई है। इन अफसरों ने मंत्री निर्मला भूरिया से मिलकर विरोध दर्ज कराया। मंत्री सुश्री भूरिया ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस गड़बड़ी को दूर कराने का आश्वासन दिया है। इन विभागीय अफसरों का कहना है कि एक तो सरकार पदोन्नति नहीं होने दे रही है, उपर से जो पद कैडर के लिए तय है, उस पर अन्य कैडर की नियुक्ति की जा रही है। यदि इसे संशोधित नहीं किया गया तो इसका असर प्रदेश भर में महिला बाल विकास के कार्यो पर पड़ेगा। दरअसल, अपर संचालक का पद विभागीय कैडर के लिए होता है। इस पर पदस्थापना भी पदोन्नति के आधार पर उन्हीं अफसरों की होती है जो दसकों से विभाग में पदस्थ हैं। किंतु अभी हाल में महिला व बाल विकास विभाग की आयुक्त सुफिया फारूखी ने सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजकर इस पद पर एसएएस अफसर की नियुक्ति करा दी।

**बिना विभागीय मंत्री के अनुमोदन के कर दी गई अपर संचालक पद पर नियुक्ति**

### आयुक्त ने उनके पास पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया

इस नियुक्ति के बाद अपर संचालक के पद पर लता शरणागत ने सोमवार को ज्वॉनिंग दे दी। इसके साथ ही आयुक्त ने कई तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के अफसरों को उनके पास पदस्थ करने का आदेश जारी कर दिया। यहां तक कि उन्होंने कार्य विभाजन में कई महत्वपूर्ण कार्य भी उन्हें दे दिया। इसकी जानकारी जैसे ही महिला व बाल विकास के अफसरों को हुई तो हंगामा मच गया। आनन फानन में जिलों से भी अफसर लामबंद हो गए। इसके बाद सहायक संचालक, उप संचालक, संयुक्त संचालक के साथ ही परियोजना अधिकारी स्तर के करीब 50-60 अफसर विभागीय मंत्री सुश्री भूरिया के बंगले पर पहुंच गए। इन अफसरों ने मंत्री से खासी नाराजगी जताई। इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा है। अफसरों ने आयुक्त श्रीमती फारूकी के रवैऐ आदि को लेकर कई तरह की शिकायतें की। इन अफसरों का कहना है कि यदि संशोधन नहीं किया गया तो सामूहिक हड़ताल करेंगे।

### सुफिया फारूकी को केंद्र ने बनाया डायरेक्टर जनगणना

*अभी हाल में आयुक्त श्रीमती फारूकी वली को डीओपीटी ने डायरेक्टर जनगणना मप्र बनाया है। उनकी यह नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावशील होगी। अभी इस अवधि में डेढ़ महीने का समय बचा है। इस बीच महिला व बाल विकास संचालनालय में उहापोह की स्थिति पैदा हो गई है। सूत्रों ने बताया कि इस समय संचालनालय में वाहनों के किराए के बिल से लेकर सभी तरह के बिल पास किए जाने लगे हैं। इसके साथ ही कर्मचारियों में भी असमंजस की स्थिति है। विभाग में विभिन्न पदों पर पदोन्नति अटकी पड़ी है। इससे अधिकारियों में पहले से ही निराशा की स्थिति है। ऐसे में उनके कैडर में किसी दूसरे कैडर के अफसर की नियुक्ति से नाराजगी और बढ़ गई है। दरअसल, एक तरफ पदोन्नति नहीं होने व दूसरी तरफ उनके कैडर पर दूसरे कैडर की नियुक्ति अधिकारी खफा हैं। उन्होंने पहले इसकी शिकायत आयुक्त श्रीमती फारूकी से की थी। उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद अफसर मंत्री के पास पहुंचे थे।*

### जानकारी मुख्यमंत्री को देंगे

*महिला व बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि इस नियुक्ति के लिए मेरा अनुमोदन नहीं लिया गया है। इस पर वे नोटशीट लिख रही हैं। वे किसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इसकी जानकारी वे मुख्यमंत्री को भी देंगी। जो भी उचित होगा, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।*

## रिकॉर्ड 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने सारंग को बांधे रक्षा-सूत्र

भोपाल। विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। मंत्री तथा नरेला विधायक विश्वास कैलाश सारंग को रिकॉर्ड 1 लाख 84 हजार 632 बहनों ने रक्षा-सूत्र बांधकर नया स्वर्णिम कीर्तिमान स्थापित किया। विगत 16 वर्षों से निरंतर आयोजित इस विश्वविख्यात रक्षाबंधन महोत्सव में नरेला विधानसभा के सभी 17 वार्डों सहित भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों से बहनों ने भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस मौके पर श्री सारंग ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक पर्व नहीं बल्कि बहनों और भाइयों के अटूट विश्वास का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 1 लाख 82 हजार से अधिक बहनों ने राखी बांधकर आशीर्वाद दिया था। इस वर्ष यह संख्या और बढ़कर 1 लाख 84 हजार 632 हो गई। यह स्नेह और विश्वास ही मुझे जनसेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करता है।

## केंद्र की नीति को लागू करने वाले पहले राज्य का गौरव हासिल

# खनिज ब्लॉकों की नीलामी में मप्र को देश में मिला पहला स्थान

**2022-23 में 29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की**

### खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम-द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनिज नीलामी के क्षेत्र में देश में अग्रणी बनकर उभरा है। राज्य ने 2022-23 में 29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया।

हाल ही में प्रदेश ने क्रिटिकल मिनरल्स की नीलामी कर केंद्र सरकार की नीति को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बनने का गौरव भी हासिल किया है। खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक नीलामी के लिए मध्यप्रदेश को भारत सरकार ने वर्ष 2022 और वर्ष 2025 में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया है।



### पहली बार 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व

वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश ने खनिज राजस्व संग्रहण में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए पहली बार 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त किया। वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 4,958 करोड़ रुपए था। अब तक प्रदेश ने कुल 103 खनिज ब्लॉकों की सफल नीलामी की है, जिससे भविष्य में एक लाख 68 हजार करोड़ रुपए से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है।

### सटीक निगरानी

अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए प्रदेश में 41 एआई आधारित ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली से खदानों की जियो-टैगिंग और 3-डी इमेजिंग कर खनिज उत्खनन की सटीक निगरानी की जा रही है। जिला खनिज विभाग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में 16,452 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

### कटनी में 23 को खनिज उद्योग पर केंद्रित कॉन्क्लेव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि खनिजों की प्रचुरता और राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों से राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी प्रदेश का योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। कटनी में 23 अगस्त को खनिज औद्योगिक विकास पर केंद्रित कॉन्क्लेव आयोजित हो रहा है।*

## नक्सलियों को नागवार गुजरा आजादी का जश्न

# युवक की नक्सली स्मारक पर तिरंगा फहराने को लेकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आजाद भारत में छत्तीसगढ़ की कांकेर की जमीं पर एक युवक को देश भक्ति की सजा मौत की कुर्बानी देकर चुकानी पड़ी। नक्सली अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सल ऑपरेशन चलाये जाने के बावजूद नक्सली हैवानियत और दशहत पर उतारू हैं। मामला कांकेर का है। जहां एक युवक ने स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को नक्सली स्मारक पर तिरंगा फहराया और भारत माता के जयकारे लगाये। इस बात की भनक नक्सलियों को लगने पर उन्होंने मानवता की सारी हदें पार करते हुए युवक की बड़ी ही बेरहमी से हत्या कर मौत के घाट उतार दिया।

### सुनसान इलाके में दिया वारदात को अंजाम

कायर नक्सलियों ने आजादी का जश्न मनाने वाले युवक की बड़ी ही बेरहमी के साथ नृशंस हत्या कर दी। 15 अगस्त को 38 साल के मनेश नरेटी को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया। दो दिन पूर्व नक्सलियों की इस नापाक हरकत का खुलासा हुआ। बताया जाता है नक्सलियों ने नरेटी को बिना गुंडा क्षेत्र के सुनसान इलाके में ले जाकर बेरहमी से किसी धारदार हथियार से हत्या कर दी। कांकेर पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में लगी है।

### यहीं से शाह ने शुरू किया था अभियान

गौरतलब है कि ये वही बिना गुंडा क्षेत्र है जहां गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ नक्सल ऑपरेशन शुरू किया था। मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प लिया था। उनके एलान के बाद जवानों ने 29 नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **आलोक कुमार** पुत्र श्री अरुण कुमार, निवासी- मकान नंबर जी-71, पहली मंजिल, गली नंबर 10, राजापुरी दिल्ली और ग्राम चिचाड़ी थाना राज नगर, जिला मधुबनी बिहार ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 509/2018 धारा 27/61/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सागरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आलोक कुमार** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **आलोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **आलोक कुमार, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 509/2018 धारा 27/61/85 एनडीपीएस अधिनियम, थाना सागरपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री ईशा सिंह**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
कक्ष संख्या 18, मुख्य भवन
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/10447/SW/2025

## पहली संग मिलकर दूसरी पत्नी की हत्या का प्रयास

**रायपुर/जगदलपुर।** शासन-प्रशासन की सख्ती के बाद भी आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में ऐसी ही हैवानियत की एक खबर सामने आई है। जहां पति और पत्नी की दरिंदगी देखने को मिली है। आरोपी पति-पत्नी जमीन हड़पने के लिये पीड़िता पर कहर बनकर टूट पड़े। आरोपी पति अपनी पहली पत्नी के साथ मिलकर अपनी दूसरी पत्नी को जान से मारने की कोशिश की पर इसमें वह सफल नहीं हो सका। बताया जाता है कि दूसरी पत्नी अपने मकान में अकेली सोई हुई थी तभी पहले पति और पत्नी घर में घुसे। पीड़िता को अर्धनग्न कर उसके गुप्तांग में डंडा या लकड़ी डाल दिया। इतना ही उसका गला घोंटकर हत्या करने की भी कोशिश की। पीड़िता को मरा समझकर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## पैसों के लेन-देन की शिकायत, टीआई निलंबित

**गरियाबंद।** जिले में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक अनुशासन को लेकर बड़ी कार्रवाई सामने आई है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने पाण्डुका थाना प्रभारी जय प्रकाश नेताम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, थाना प्रभारी जय प्रकाश नेताम के खिलाफ लोगों ने पैसों का लेनदेन करने और अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने की गंभीर शिकायतें की थीं।

जांच के बाद आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर एसपी निखिल राखेचा ने यह कठोर निर्णय लिया। निलंबन के बाद जय प्रकाश नेताम को रक्षित केंद्र, गरियाबंद में अटैच कर दिया गया है। आगे की विभागीय जांच भी जारी है। इस कार्रवाई को जिले में पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और अनुशासन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# अवैध गांजा बिक्री मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिला मुख्यालय में पुलिस ने अवैध गांजा बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ओडिशा से गांजा लाकर रायगढ़ और आसपास खपाने वाली एक महिला सप्लायर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 5.244 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 60 हजार रुपये बताई जा रही है। साथ ही दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। उप निरीक्षक ऐनु देवांगन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश दी और मौके से आरोपी बिन्दू बेहरा पिता वीरेंद्र बेहरा उम्र 26 वर्ष निवासी रामपुर कोलियारी, बृजराज नगर (झारसुगुड़ा, ओड़िशा) को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दो पैकेट में रखा 36 हजार रुपये की कीमत का 3.322 किलो गांजा, मोबाइल और नकद जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लाकर जोगीडीपा, रायगढ़ की रागिनी शर्मा उर्फ करेला के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्र में थोड़ा-थोड़ा कर बिक्री करते हैं। उसने यह भी स्वीकार किया कि कुछ दिन पहले उसने दो पैकेट गांजा आठ हजार रुपये प्रति किलो की दर से बेचा था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रागिनी शर्मा को भी हिरासत में लिया, जिसके पास से 24 हजार रुपये की कीमत का 1.922 किलो गांजा और एक मोबाइल बरामद किया गया है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में कुरूक्षेत्र में एसकेआईईटी इंस्टीट्यूट से नये बस स्टैंड के पिपली तक सहारनपुर कुरूक्षेत्र रोड पर एसएलआईपी रोड का निर्माण। | 20.08.2025 28.08.2025 | 4.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744291271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा अधोया चप्पार रोड का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत)। | 20.08.2025 27.08.2025 | 322.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में जीटी रोड (एनएच-44) से गंगार (रोड आईडी 8854) (ओडीआर) लम्बाई कि.मी. 1.300 पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और न्यू सीसीबी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 20.08.2025 29.08.2025 | 77.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में विभिन्न सुविधाओं का अतिरिक्त परिवर्धन। | 19.08.2025 01.09.2025 | 112.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पृथला निर्वाचन क्षेत्र के तहत एचएसएएमबी से लोनिवि भ व प को हस्तांतरित किए गए जनोली से नांगला लाखी (आईडी 10736) आरडी 0.00 से 3.70 कि.मी. तक रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (ग्रुप-4) (जीएसटी के बिना) | बंद होने की तिथि 29.08.2025 | 220.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव बिर बंगरा में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.08.2025 | 52.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | पट्टी कल्याणा से चुलकाना तक चौड़ा करना (एचटी एलटी लाइन की शिफ्टिंग) + 1 कार्य। | 21.08.2025 27.08.2025 | 19.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन अनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु डीएनआईटी, सीएच. टू. :- कालांवाली कस्बा जिला सिरसा में 9.50 एमएलडी एसटीपी पर ऑनलाइन अनालाइजर, फ्लो मीटर, आईआरटीयू इत्यादि के प्रावधान व स्थापना हेतु आकलन [PUH/2024-25/197498]। | 19.08.2025 04.09.2025 | 19.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- भम्बूर माइनर सिरसा टाउन के साथ-साथ केलिना मोड के निकट मिनी बाईपास रोड पर 1100 मिमी आई/डी आरसीसी सीवर लाइन को बदलने, सीवर फ्लो और सीवर की प्लगिंग के डाईवर्जन हेतु डीएनआईटी और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 19.08.2025 25.08.2025 | 129.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 10 | महिला एवं बाल विकास, पंचकूला | एडब्ल्यूसी'एस को एसएनपी और अन्य मदों की आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 22.08.2025 02.09.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज कैथल | कैथल जिले में आरडी 156830 से 169000 गुहला से चानचक तक मारकंडा डिस्ट्रीब्यूटरी के सर्विस रोड पर रोड का निर्माण। | 20.08.2025 04.09.2025 | 357.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहड़ी वाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 20.08.2025 26.08.2025 | 20.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज भिवानी | गांव मधमाधवी ब्लॉक भिवानी में स्पोर्ट्स स्टेडियम में चारदिवारी का निर्माण, स्कीम एचजीवीवाई + 1 कार्य। | 18.08.2025 25.08.2025 | 19.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज कैथल | कैथल - रेडक्रॉस सोसाइटी बिल्डिंग, कैथल में आयरन शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 20.08.2025 27.08.2025 | 26.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए हिसार, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 21.08.2025 19.09.2025 | 1287 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 16 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए सेक्टर-12, रेवाड़ी, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 21.08.2025 19.09.2025 | 1396 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 17 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए रोहतक, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 21.08.2025 19.09.2025 | 1488 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/340/37923/I/88/7 दि. 21.08.25

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 245 दिनांक 18.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना कलानौर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - हीना
पिता/पति- पत्नी रोशन
पता - निवासी गांव जिन्दराण कलां वार्ड न0-03 कलानौर जिला रोहतक
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग साफ, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - हल्के लाल रंग का सूट, क्रीम रंग की सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है ।

दिनांक 18.08.25 को हीना पत्नी रोशन निवासी गांव जिन्दराण कलां वार्ड न0-03 कलानौर जिला रोहतक अपने बच्चों वंश 4 साल व प्रिंस 3 साल को साथ लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 8700136711

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 307 दिनांक 19.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - सोनी
पिता/पति- पत्नी मनोज
पता - निवासी गांव निंदाना जिला रोहतक
उम्र-31 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर।
पहनावा - जामुनी रंग का सूट सलवार व पैरों में जूते पहने हुए है ।

दिनांक 19.08.25 को सोनी पत्नी मनोज निवासी गांव निंदाना जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 949991462012

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 308 दिनांक 19.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**




नाम - नितिन
पिता/पति- पुत्र उमेद सिंह
पता - निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक
उम्र-26 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा ।
पहनावा - काले रंग की टी शर्ट, काले रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है ।

दिनांक 19.08.25 को नितिन पुत्र उमेद सिंह निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक 9466317007

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 203 दिनांक 21.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - धीरज
पिता/पति- पुत्र जयभगवान
पता - निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक
उम्र-17 वर्ष
कद- 5 फुट 9 इंच ।
हुलिया - रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, दाहिने पैर के घुटने के नीचे गांठ बनी हुई है।
पहनावा नीले रंग की पैंट, काले रंग की चैकदार शर्ट, व पैरों में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।

दिनांक 20.08.25 को धीरज पुत्र जयभगवान निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक सुबह 07.00 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था जो स्कूल से घर वापिस नहीं आया। बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक - 9813568669

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 202 दिनांक 21.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम – योगिता
पिता/पति- पुत्री सुभाषचंद्र
पता- निवासी 230/20 सैनीपुरा रोहतक
उम्र- 31 वर्ष
कद- 5 फुट 1 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा।
पहनावा – प्याजी रंग का सूट पहने हुए है।

दिनांक 20.08.25 को योगिता पुत्री सुभाषचंद्र निवासी 230/20 सैनीपुरा रोहतक समय 11.30 AM पर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक - 9813568669

पीआरडीएच-1084/11/3781/2026/37918/88/7 दि. 21.08.2025

## चिंतन

# धनखड़ के इस्तीफे व वोट चोरी के शोर में बीता सत्र

विस्तारित अवधि के साथ संसद के मानसून सत्र का अनिश्चितकाल के लिए अवसान हो गया। सत्र के दौरान लोकसभा में 12 और राज्यसभा में 15 विधेयक पारित हुए। सबसे महत्वपूर्ण गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करने वाला विधेयक लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो गया। सत्र की यह बड़ी उपलब्धि रही। 21 जुलाई से शुरू मानसून सत्र के करीब एक माह की अवधि 21 अगस्त तक में अधिकतर समय विपक्ष का हंगामा ही जारी रहा। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर और बाद में एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग के चलते व्यवधान उत्पन्न होते रहे। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में चर्चा हुई, पर विपक्ष सरकार के जवाब से नाखुश ही रहा। राज्यसभा में हंगामे की वजह से एक बार भी शून्यकाल और प्रश्नकाल सामान्य तरीके से नहीं हो पाया। लोकसभा में पास विधेयकों में मर्चेंट शिपिंग विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, आयकर विधेयक, कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक अहम हैं। एसआईआर को लेकर चर्चा की मांग के चलते लगातार गतिरोध बना रहा। इसके कारण लोकसभा की उत्पादकता जहां महज 31 घंटे प्रतिशत रही, वहीं राज्यसभा में यह 39 फीसदी रही। मानसून सत्र के दौरान कामकाज के लिए 120 घंटे उपलब्ध थे किंतु इस दौरान लोकसभा में केवल 37 घंटे और राज्यसभा में मात्र 41 घंटे 15 मिनट कामकाज हो पाया। विपक्ष सहयोग देता तो मानसून सत्र अधिक उत्पादक होता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के भारी हंगामे के बीच बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। इनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किए जाने और लगातार 30 दिन तक हिरासत में रहने पर पद से हटाए जाने का प्रावधान है। विपक्ष ने विधेयकों का तीखा प्रतिकार किया है। लोकसभा में जब गृह मंत्री इन तीनों विधेयकों को पेश कर रहे थे, उस समय विपक्ष के कुछ सदस्यों को उनके सामने कुछ कागज फाड़कर फेंकते देखा गया। सरकार ने इन तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया, जिसे दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी। मानसून सत्र इस बात के लिए हमेशा याद रखा जाएगा कि पहले ही दिन 21 जुलाई को देर शाम में राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कारण स्वास्थ्य बताया गया, पर यह किसी को पचा नहीं। भारत के संसद सत्रीय इतिहास में ऐसा पहली बार था कि सभापति ने अचानक चौंकाते हुए सत्र के पहले दिन ही पद छोड़ दिया हो। इस सत्र में एक भी दिन किसी सदन में गैर सरकारी कामकाज नहीं हुआ। कायदे से देखा जाए तो वोट चोरी के आरोप लगाने वाले विपक्ष के असहयोग के बावजूद सरकार अपने महत्वपूर्ण विधेयक पास करा ले गई। अतीत में भी संसद के अनेक सत्र हंगामे में स्वाहा हुए हैं, यह लोकतंत्र की सेहत के लिए ठीक नहीं है। विपक्ष अपना दायित्व समझे और सरकार लचीला रुख अपनाए, जिससे सत्र की उत्पादकता बढ़ पाए।

## विमर्श

प्रवीण दत्त शर्मा



# समाज के लिए खतरा है ऑनलाइन गेम की लत

यह एक स्वागतयोग्य समाचार है कि सरकार ऑनलाइन गेमिंग पर लगाम कसने को तत्पर हो गयी है। ऑनलाइन गेमिंग को रेग्युलेट करने सम्बन्धी बिल लोकसभा और राज्य सभा से पास हो गया है। इसका मकसद ऑनलाइन मनी गेम्स और सट्टेबाजी पर पूरी तरह से बैन लगाना और ई-स्पोर्ट्स व सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ऑनलाइन गेमिंग कम्युनिटी का दूसरा सबसे बड़ा देश हो गया है। पहले नंबर पर चीन है। सरकारी अनुमानों के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 45 करोड़ लोग ऑनलाइन मनी गेम्स के जाल में फंसकर नुकसान उठाते हैं। इन गेम्स की लत सिर्फ पैसों का नुकसान ही नहीं बल्कि एक सामाजिक संकट बन चुकी है। इन गेम्स की वजह से आम लोगों को हर साल करीब 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसकी लत की वजह से सैकड़ों परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर 30 प्रतिशत वार्षिक की तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह स्थिति तब है जब भारत में गेमिंग पर 28 फीसदी का जीएसटी लगता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2016 में फैंटेसी स्पोर्ट्स खेलने वालों की गिनती 20 लाख थी। 2022 में यह संख्या 22 करोड़ पहुंच गयी। इस सेक्टर के फलने-फूलने का एक कारण इस बारे में अब तक कोई स्पष्ट कानून का न होना भी है। साल 1867 का पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट कहता है सार्वजनिक स्थानों पर ऑनलाइन गेम प्रतिबंधित है। हालांकि भारत में ही कुछ राज्य हैं जहां ऑनलाइन गेंमिग अपराध नहीं है। सिक्किम गोवा, और दमन जैसे स्टेट्स में इसे कानूनी मान्यता है क्योंकि संविधान ये कहता है कि गेंमिग कई मामलों में राज्य का विषय है। इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के कुछ देशों में सट्टेबाजी लीगल है। साल 1966 में सुप्रीम कोर्ट ने रमी और घुड़दौड़ में भी सट्टेबाजी को लीगल करार दिया लेकिन क्रिकेट में सट्टेबाजी गैर-कानूनी है। दरअसल हर किसी का सपना अमीर और सम्पन्न बनने का होता है। कई युवा तो बिना कुछ किए-धरे, दिन रात अमीर बनने के ख्वाब देखते रहते हैं। ऑनलाइन जुए के वे लुभावने विज्ञापन, जिनमें बड़े-बड़े खिलाड़ी व फिल्म अभिनेता लोगों को ऑनलाइन गेम या सट्टा खेलने को प्रेरित करते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों की सत्यता का कोई प्रमाण नहीं होता। बस विज्ञापन के नीचे एक चेतावनी कि 'इसको खेलने में जोखिम है, अतः सावधानी से खेलें' लिखकर विज्ञापन कंपनियां अपने कर्तव्य की पूर्ति कर लेती हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी जुए के दुष्परिणामों से वाकिफ थे। इसलिए 26 मई 1921 को मुंबई में उन्होंने कहा था, 'घुड़दौड़ों में दांव लगाना और सट्टा खेलना भी शराबखोरी और वेश्यागमन जैसा ही बुरा काम है। इसके लिए एक प्रबल आंदोलन की जरूरत है"। सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने की निर्णय लेकर समाज को इस नए दौर के जुए से बचाने का प्रयास किया है। अब राष्ट्रीय स्तर की एक ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी बनाने जा रही है। किसी मौजूदा अथॉरिटी या एजेंसी को भी यह भूमिका दी जा सकती है। इसका काम ऑनलाइन गेम्स को कैटिगरी में बांटना और रजिस्ट्रेशन करना होगा। यही अथॉरिटी तय करेगी कि कोई गेम मनी गेम की श्रेणी में आएगा या नहीं। ऑनलाइन गेम्स से जुड़ी शिकायतों को भी यही निकाय देखेगा। नियमों का सही से पालन हो, इसके लिए गाइडलाइंस, आदेश, प्रैक्टिस कोड जारी करने का जिम्मा भी इसी अथॉरिटी का होगा। इस विधेयक में प्रस्ताव है कि निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करके विज्ञापन देने वालों के लिए भी प्रावधानों में दो साल तक की कैद या 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा, किसी भी तरह के लेन-देन में शामिल लोगों को तीन साल तक की कैद या एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित उल्लंघन के लिए बार-बार अपराध करने पर कठोर कारावास (3-5 साल) के साथ-साथ जुर्माना भी हो सकता है। दरअसल ऑनलाइन गेमिंग केवल खेल नहीं रहा, यह आज के दौर का जुआ है। इसकी लत ने हजारों युवाओं का भविष्य और परिवारों की शांति छीन ली है। सरकार का यह कड़ा क़दम समय की मांग है। लेकिन केवल कानून ही काफी नहीं होगा, जरूरत है सामाजिक चेतना, माता-पिता की सतर्कता और युवाओं की आत्मसंयम की। सरकार और समाज मिलकर ही इस बुराई से युवा पीढ़ी को बचा पाएंगे।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सेहत
डा. मोनिका हीरा

# एंटी एजिंग दवाओं की सनक से रहें दूर

एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

प्रकृति के नियम के साथ जीवन जीएं, यह सबसे अधिक आनंदपूर्ण है। ग्लैमर इंडस्ट्री में युवतियों पर जवां दिखने का दबाव है, इसके लिए वे एंटी एजिंग दवाओं जैसा रासायनिक तरीका अपनाती हैं, जो शॉर्टकट है, हानिकारक है, कुछेक केस में जानलेवा है। प्राकृतिक जीवनशैली से भी लंबे समय तक जवां रहा जा सकता है और यह तरीका सुरक्षित भी है। महज़ 42 साल की उम्र में अभिनेत्री शेफ़ाली जरीवाला की अचानक मौत ने एंटी एजिंग को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। हालांकि शेफ़ाली की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है, लेकिन इस केस की जांच में जुटे कुछ पुलिस अधिकारियों ने ये कहा है कि शेफ़ाली एंटी-एजिंग टैबलेट्स समेत कई दवाइयां ले रही थीं।

संभवतः ये दवाइयां ख़ाली पेट लेने की वजह से उनका ब्लड प्रेशर अचानक गिर गया और फिर उन्हें संभाला नहीं जा सका। एंटी एजिंग शब्द में ही नकारात्मक भाव है, तो इसका परिणाम सकारात्मक कैसे हो सकता है। बढ़ती उम्र का प्रभाव सेहत और त्वचा दोनों पर पड़ता है। 35 की उम्र के बाद त्वचा पर फाइन लाइन, दाग-धब्बे और त्वचा का ढलना आदि जैसे कई बदलाव दिखाई देने लगते हैं। दरअसल, जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, उसके साथ ही चेहरे पर महीन रेखाएं, झुर्रियां भी दिखने लगती हैं, चेहरे की त्वचा भी धीरे-धीरे लटकने लगती है। कुछ लोग इन बदलाव को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स का प्रयोग करते हैं। आजकल क्रीम, सीरम के साथ कॉस्मेटिक सर्जरी, इंजेक्टेबल फ़िलर्स, बोटॉक्स वग़ैरह एंटी एजिंग उपायों का चलन बढ़ा है। एंटी एजिंग उपचार कुछ दवाओं और ऐसे कंपाउंड्स के कॉम्बिनेशन से होता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। इन सबमें ज़्यादा प्रचलित बोटॉक्स है जो एक ऐसा पावरफुल इंजेक्शन है, जो कि हमारी मांसपेशियों को बहुत ही छोटे हिस्से में रिलैक्स करता है। 20 साल से भी अधिक समय पहले यूएस फूड एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं में इसके इस्तेमाल की मंज़ूरी दे दी थी। बोटॉक्स के जोखिमों पर अप्रैल 2024 में तब चर्चा तेज़ हुई, जब यूएस सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने एक चेतावनी जारी करते हुए ये कहा कि 25 से 59 साल की 22 महिलाओं में बोटॉक्स के हानिकारक रिएक्शंस देखे गए हैं।

डर्मल फ़िलर्स इंजेक्शन होते हैं जो स्किन के अंदर दिए जाते हैं। ये उसी पदार्थ से बनते हैं, जिससे हमारी त्वचा की कोशिकाएं बनी होती हैं। स्किन में उम्र के साथ कोलेजन कम होने लगता है, मगर फ़िलर्स की मदद से कोलेजन वापस डाला जाता है और चेहरा जवान लगने लगता है। एंटी एजिंग के लिए कई लोग ग्लूटाथियोन इंजेक्शन का भी इस्तेमाल करते हैं। ये एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो हमारे शरीर की कोशिकाओं को होने वाले डैमेज को रोकने में काम आते हैं। ग्लूटाथियोन अक्सर इंट्रावेनस इंजेक्शन और टैबलेट्स के ज़रिए लिया जाता है। ग्लूटाथियोन हमारे शरीर में पहले से ही मौजूद होता है, लेकिन उम्र के साथ-साथ शरीर ग्लूटाथियोन बनाना कम कर देता है। इसलिए इसे बाहर



से लिया जाता है। मगर इसके साइड इफ़ेक्ट्स भी हैं। ये एफ़डीए अप्रूव्ड नहीं हैं। यूएस एफ़डीए ने ग्लूटाथियोन को इसलिए अप्रूव नहीं किया, क्योंकि देखा गया कि इससे कुछ मरीज़ों को एनाफाइलैक्सिस हो सकता है, इंजेक्टेबल दवाओं से स्टीवन जॉनसन जैसी बीमारियां हो सकती हैं, जो लोग स्किन लाइटनिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं, उन पर इसका असर तब तक ही होता है जब तक वो इसे ले रहे हैं। इसका असर, हमेशा नहीं रहता।

एंटी एजिंग दवाओं के चलते हार्मोन डिस्टर्ब, पैरालिसिस, स्किन कैंसर आदि साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स में रेटिनॉल, एएचए, बीएचए, सैलिसिलिक एसिड और पर्फ्यूम्स जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो ज्यादा इस्तेमाल किए जाने पर त्वचा की प्राकृतिक परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे त्वचा पतली और सेंसिटिव हो जाती है। जब स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, तो वह जलन, खुजली और सूखापन जैसी समस्याओं से जूझने लगती है। कुछ एंटी-एजिंग क्रीम्स और सीरम्स में पैराबेन्स, फाइटोएस्ट्रोजन और अन्य हार्मोन जैसे कंपाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन के जरिए शरीर में प्रवेश करके हार्मोनल गड़बड़ी का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, मूड स्विंग्स और थायरॉइड असंतुलन जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। रेटिनॉल और हाइड्रोक्विनोन जैसे तत्व त्वचा को सनलाइट के प्रति ज्यादा सेंसिटिव बना देते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जवां दिखने के लिए, त्वचा में निखार लाने के लिए व गोरापन पाने के लिए क्या एंटी एजिंग दवाएं ही विकल्प हैं? तो जवाब है कि प्राकृतिक विकल्प भी है। प्राकृतिक आहार के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित कर सकते हैं, जिनमें भरपूर एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी मल्टीविटामिन व मिनरल्स उपलब्ध हों, जैसे फल व सब्जियां, दही, हल्दी, नारियल का तेल, भरपूर जल का प्रयोग आदि के द्वारा एंटी एजिंग के प्रभाव को नियंत्रित किया जाता है।

ब्रोकली, पालक, केला में सल्फर की अच्छी मात्रा पाई जाती है जिससे ग्लूटाथियोन की मात्रा, शरीर में बढ़ती है। विटामिन-सी रचि फ्रूट्स जैसे आंवला या संतरा और नींबू पानी का सेवन करने से शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ती है। इसी तरह एवोकाडो, अखरोट और बादाम वगैरह का सेवन करने से शरीर को डटॉक्स करने में मदद मलिती है। ग्रीन टी और हल्दी का दूध पीने से शरीर को एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मलिते हैं। बेरीज फ्री रेडकिल्स की मात्रा को कम करके त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। पानी सबसे बड़ा डटॉक्स एलिमेंट है। वटिामनि-सी, ई, जकिं और सेलेनयिम जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स फलों व सब्जियों से ग्रहण करें। एलोवेरा जेल, गुलाब जल, शहद और नारियल तेल का मिश्रण सबसे असरदार घरेलू एंटी-एजिंग उपाय है। ये त्वचा को पोषण, नमी और नेचुरल ग्लो देता है। डाइट में मूंगफली, अखरोट, ब्लूबेरी, गाजर, चुकंदर, टमाटर, आंवला और सिट्रस फ्रूट्स शामिल कर सकते हैं। ताजा फल, सलाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, दालें, नट्स और बीजों को डाइट में शामिल करें। सफेद नमक और चीनी से बचें। जंक व पैक्ड फूड व पेय, तली चीजें, व ट्रांस फैट्स से बचें। नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल या शुद्ध घी में किसी का सेवन करें। स्किन को हेल्दी रखने के लिए फेशियल योग या हल्की मसाज करना फायदेमंद होता है। रोजाना कम से कम एक घंटा योग या व्यायाम करें और साइकिलिंग या तैराकी जैसी एक्टिविटीज अपनाएं। मेडिटेशन करें। अच्छी नींद लें। फिर आपको किसी एंटी एजिंग दवाओं की जरूरत नहीं होगी।

( लेखिका प्राकृतिक चिकित्सक व आहार विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## चंद्रदेव को दक्ष ने दे दिया था श्राप



संकलित
प्रेरणा

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### नाश का दूसरा नाम है नशा

26 जून, सन 1987 को दुनिया में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध रूप से इनकी तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस को मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि लोग नशे से होने वाले नुकसानों को समझें। सन 1987 से लेकर अब तक यह अभियान कितना अमल में लाया या दुनिया के विभिन्न देशों में यह कितना कामयाब हुआ, विविध सरकारें इसके लिए कितनी गंभीर हैं, यह बातें उतनी अहमियत नहीं रखती, जितना कि यह, कि दुनिया का आमजन नशे के दुष्प्रभावों को कितना समझ पाया है? सरकारों के अभियान तभी कामयाब होते हैं, जब लोग इनमें भागीदारी सुनिश्चित करना अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नशीली दवाओं का सेवन लोगों की जान का दुश्मन बन गया है। नशा, नाश का दूसरा नाम है। *– मनीष सिसोदिया, भाटापारा*

## ट्रेंड

### कांग्रेस गैरजिम्मेदार



130वें संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष और उसमें मुख्य रूप से कांग्रेस का रवैया न सिर्फ गैरजिम्मेदाराना है। सदन में बिल को फाड़कर फेंकना दर्शाता है कि ये लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए किसी भी संवैधानिक परंपरा का अपमान कर सकते हैं।
-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### स्वदेशी सामान खरीदें



जो चीजें भारत में बनती है, वही खरीदें, इससे हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। हम सेल्फ हेल्प ग्रुप का बना सामान खरीदें, इससे हमारी बहनों-बेटियों को रोजगार भी मिलेगा और हमारा पैसा हमारे ही लोगों के पास रहेगा। भारत से बड़ा बाजार दुनिया में कहीं नहीं है।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

### पुनर्विचार करे सरकार



130वाँ संविधान संशोधन बिल, देश में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे राजनीतिक हालात में, यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमज़ोर करने वाला लगता है। सरकार इसे देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में ज़रूर पुनर्विचार करे तो यह उचित होगा।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हमला निंदनीय



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा चीन

चीन के सरकारी अधिकारियों ने पिछले महीने तिब्बती पठार के ऊंचाई वाले इलाके में एक स्थान दिखाया और दावा किया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सोलर फार्म होगा। उन्होंने कहा कि इसका क्षेत्रफल 610 किलोमीटर होगा, जो अमेरिका के शिकागो शहर के बराबर है। चीन दुनिया के किसी भी अन्य स्थान की तुलना में बहुत तेजी से सौर पैनल स्थापित कर रहा है और उसे इस क्षेत्र में निवेश करने का लाभ भी मिलना शुरू हो गया है।



बृहस्पतिवार को जारी एक अध्ययन में बताया गया है कि देश का कार्बन उत्सर्जन एक साल पहले की तुलना में, इस वर्ष के पहले छह महीनों में एक प्रतिशत कम हो गया। अध्ययन में कहा गया है कि मार्च 2024 में कार्बन उत्सर्जन में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ था, जो जारी है। लेकिन दुनिया में ग्रीनहाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक चीन को वैश्विक जलवायु परिवर्तन को धीमा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए कार्बन उत्सर्जन में और भी तेजी से कमी लाने की आवश्यकता होगी। फिनलैंड में रहने वालीं अध्ययन की लेखिका तथा ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र की प्रमुख विश्लेषक लॉरी माइलीविर्ता ने कहा कि चीन को 2060 तक कार्बन तटस्थता के अपने घोषित लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अगले 35 वर्षों में उत्सर्जन में औसतन तीन प्रतिशत की गिरावट की आवश्यकता होगी।

## ऑफ बीट

# मालिक पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे

यूरोप में पवन-फार्म मालिक अपनी पुरानी टर्बाइनों को खत्म करने से बच रहे हैं ताकि वे उनसे अधिकतम बिजली पैदा कर सकें। पवन टर्बाइनों को 25 वर्षों



तक चलने के लिए डिज़ाइन किया गया है, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बिजली की कीमतों में वृद्धि के चलते मालिकों की गणना में बदलाव आया है। उद्योग प्रतिनिधि विंड यूरोप के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की तुलना में केवल 454 मेगावाट (एमडब्ल्यू) पुराने टर्बाइनों को बंद किया गया था। यह 1,000 से अधिक टर्बाइनों के बराबर है जिनका जीवन यूरोप में बढ़ा दिया गया है। वास्तव में, यह स्पष्ट रूप से लगातार तीसरा वर्ष है जिसमें पवन टर्बाइनों के डिकमीशनिंग को कम किया गया है। इस बीच, वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद ने बताया है कि उत्तर अमेरिकी टर्बाइन डीकमीशनिंग साल दर साल 668एमडब्ल्यू से घटकर 276एमडब्ल्यू हो गई है। यह उस समस्या को हल करने के लिए थोड़ी और अधिक गुंजाइश बनाता है जिसने कुछ समय से रीसाइक्लिंग विशेषज्ञों को परेशान कर रखा है। जबकि अधिकांश पवन टर्बाइन को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है, उसके ब्लेड को नहीं। वे अधिकतर ग्लास फाइबर या कार्बन-फाइबर प्रबलित प्लास्टिक से बने होते हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव भारत के विचार की पुष्टि का विषय, व्यक्ति विशेष पर नहीं

## नामांकन के बाद रेड्डी का पहला बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किया। दाखिले के बाद उन्होंने अहम टिप्पणी भी की। उन्होंने यह भी बताया कि अगर वे उपराष्ट्रपति निर्वाचित किए जाते हैं तो क्या करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद रेड्डी ने कहा कि यह चुनाव महज एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, बल्कि भारत के उस विचार की पुष्टि के बारे में है जहां संसद ईमानदारी से काम करती है। जहां असहमति का भी सम्मान किया जाता है और संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करती हैं। रेड्डी ने कहा कि आज मुझे विपक्षी दलों के संयुक्त उम्मीदवार के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का सम्मान मिला।

## विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी रेड्डी ने नामांकन किया दाखिल

**मुझे सम्मान दिया गया**



शीर्ष नेता रहे कार्यक्रम में मौजूद

### निष्पक्षता के साथ निभाऊंगा भूमिका

उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पर संसदीय लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। यदि मैं निर्वाचित होता हूं तो मैं निष्पक्षता, गरिमा तथा शिष्टाचार के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ अपनी भूमिका निभाने का वचन देता हूं।

### असहमति का सम्मान हो और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा

उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक व्यक्ति के बारे में नहीं है। यह हमारे संस्थापकों द्वारा परिकल्पित भारत के विचार की पुष्टि करने के बारे में है। एक ऐसा भारत जहां संसद ईमानदारी से काम करे, जहां असहमति का सम्मान किया जाए और जहां संस्थाएं स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ लोगों की सेवा करें।

### विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति आभार जताया

इस दौरान विपक्षी उम्मीदवार रेड्डी ने विपक्षी दलों के नेताओं के प्रति भी गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में विश्वास और हमारे लोगों में आशा के साथ मैं इस यात्रा पर निकल रहा हूं। हमारी लोकतांत्रिक भावना हम सभी का मार्गदर्शन करती रहे।

### 80 सांसदों ने नामांकन पत्र पर किए हस्ताक्षर

विपक्षी नेताओं के अनुसार, विभिन्न दलों के 80 सांसदों ने उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में नामांकन पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद न्यायमूर्ति रेड्डी ने सभी से उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि वह 'विनम्रता, जिम्मेदारी और संविधान में निहित मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की गहरी भावना' के साथ राजनीतिक क्षेत्र में कदम रख रहे हैं।

### देश की विविधता में एकता निहित

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज और लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित एक नागरिक के रूप में सार्वजनिक जीवन ने उन्हें यह सिखाया है कि भारत की असली ताकत प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, संवैधानिक नैतिकता की रक्षा में निहित है। यह हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा परिकल्पित उस भारत की अवधारणा की अभिपुष्टि करने के बारे में है।

### यह रहा गणित
### सत्तापक्ष एनडीए भारी

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी वोट डालने के पात्र होते हैं। निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 781 है। बहुमत का आंकड़ा 391 है। सत्तारूढ़ एनडीए को कम से कम 422 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। वाईएसआरसीपी जैसी पार्टियां पहले ही राधाकृष्णन को समर्थन देने की घोषणा कर चुकी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में बर्ड फ्लू 3200 मुर्गियों की मौत



**कुमाऊं।** उत्तराखंड के कुमाऊं में बर्ड फ्लू ने कहर बरपाया है। ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा और किच्छा क्षेत्र के पोल्ट्री फार्मों में अब तक करीब 3200 मुर्गियों की मौत हो चुकी है। किच्छा में 2222 मुर्गियों में फ्लू है। खटीमा में भी सैकड़ों मुर्गियों की मौत ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर ला दिया है। पशुपालन वन विभाग हाई अलर्ट पर हैं।

### पंजाबी सिंगर औलख को जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें फोन कॉल में ये धमकी दी गई है, जो एक विदेशी नंबर से कॉल और वॉट्सएप मैसेज के जरिए दी गई है। औलख ने तुरंत इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। औलख फतेहाबाद के रहने वाले हैं।

### ईसी और जेडीएस ने चुनाव पर सुझाव साझा किए





**नई दिल्ली।** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केआर शिवकुमार के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी से मुलाकात की और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सुझाव साझा किए। निर्वाचन सदन में जेडीएस के साथ यह बैठक हुई है।

### लव मैरिज के लिए 100 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा



**ब्यावर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के रास थाना क्षेत्र में दो दिन पहले हुआ एक वाकया फिल्मी सीन से कम नहीं रहा। यहां मस्तान पुत्र भंवर सिंह नामक युवक अपने ही परिवार की लड़की से प्रेम करता था और उससे शादी करना चाहता था, लेकिन परिजनों ने इस रिश्ते को सिरे से ठुकरा दिया। वह हाई टेंशन बिजली के टावर पर चढ़ गया।

### अभिनेत्री के आरोप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा



**पलक्कड़।** केरल में मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री रिनी एन जॉर्ज ने कांग्रेस पार्टी के एक नेता पर उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इन आरोपों के एक दिन बाद कांग्रेस विधायक राहुल ममकूटाथिल ने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दे दिया। हालांकि वह केरल विधानसभा में पलक्कड़ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते रहेंगे।

---

## पैसे वाले खेलों पर प्रतिबंध लगाने वाला ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पास

# बैंक और वित्तीय संस्थानों को भी होगी 3 साल तक जेल या 1 करोड़ रुपए का लगेगा जुर्माना

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद ने गुरुवार को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया। राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दे दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य ईस्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को छोड़कर सभी प्रकार के ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। विपक्षी सदस्यों की ओर से प्रस्तुत संशोधनों को अस्वीकार करने के बाद उच्च सदन ने इसे मंजूरी दे दी। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा और गुरुवार को राज्यसभा से पारित हो गया। इसमें ऑनलाइन मनी गेम्स से संबंधित विज्ञापनों पर भी रोक लगाने और बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को ऐसे किसी भी गेम के लिए धन की सुविधा प्रदान करने या हस्तांतरण करने से रोकने का प्रावधान है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।

### राज्यसभा ने हंगामे के बीच बिना बहस के इसे मंजूरी दी

**राष्ट्रपति के हस्ताक्षर को भेजा**



इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री वैष्णव ने किया था पेश

### लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा

इन गेम्स के कारण बच्चों और युवाओं को इसकी लत लग जाती है। उन्हें वित्तीय नुकसान भी होता और इस कारण आत्महत्याएं भी होती हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग हर साल ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग में करीब 20,000 करोड़ गंवाते हैं। सरकार ने महसूस किया है कि ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग समाज के लिए एक बड़ी समस्या है।

### विज्ञापनदाताओं को 2 साल तक की जेल और या 50 लाख तक का जुर्माना

कानून का उल्लंघन करके ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाएं प्रदान करने वाले किसी भी व्यक्ति को तीन साल तक की कैद या 1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। ऐसी सेवाओं का विज्ञापन करने वालों को दो साल तक की जेल और/या 50 लाख तक का जुर्माना हो सकता है। रीयल मनी गेम्स के लिए लेनदेन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंक और वित्तीय संस्थान भी तीन साल तक की जेल या 1 करोड़ के जुर्माने सहित दंड के लिए उत्तरदायी होंगे। बार-बार अपराध करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें 3-5 साल की जेल और अधिक जुर्माना शामिल है। हालांकि, यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स खेलने वालों को अपराधी नहीं मानता, बल्कि उन्हें पीड़ित मानता है।

### ड्रीम 11, फैंटेसी गेम्स पर भी लागू होगा: वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण समाज में एक कुरीति फैल रही है। हमारे आने वाली पीढ़ियों पर इसका असर पड़ रहा है। नशे की तरह ये इस तरह से देश में एक समस्या बन चुका है। यह सभी प्रकार के गेम पर समान रूप से लागू होगा।

### एयर इंडिया व एयर इंडिया एक्सप्रेस को 9568 करोड़ रुपए का घाटा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कर से पहले कुल मिलाकर 9,568.4 करोड़ का घाटा हुआ। पिछले वित्त वर्ष में, अकासा एअर और स्पाइसजेट ने कर से पहले 1,983.4 करोड़ और 58.1 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया, जबकि इंडिगो को कर से पहले 7,587.5 करोड़ का लाभ हुआ। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में ये आंकड़े साझा किए। उन्होंने बताया कि अभी ये आंकड़े अस्थायी हैं।

### नाराज सांसद ने उठाई मांग
### सांसदों से वसूला जाए संसद सत्र का खर्च

संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहा। लोकसभा में चर्चा के लिए 120 घंटे का समय तय था, लेकिन चर्चा हुई महज 37 घंटे ही। अंतिम दिन केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव के निर्दलीय सांसद उमेश पटेल ने सदन में गतिरोध के लिए सांसदों के वेतन में कटौती की मांग करते हुए संसद भवन परिसर में प्रोटेस्ट किया। सांसदों को दोषी ठहराया।

---

नारेबाजी करने, तख्तियां दिखाने और निरंतर गतिरोध से संसदीय मर्यादा को ठेस पहुंचती है: लोक सभा अध्यक्ष

## सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों को सदन में अपने विचार रखने के पर्याप्त अवसर दिए गए : बिरला

- **18वीं लोक सभा के पांचवें सत्र में बैठकों के लिए 120 घंटे आबंटित किए गए, परंतु बैठकें 37 घंटे ही चलीं**
- **सत्र के दौरान लोक सभा में 14 सरकारी विधेयक प्रस्तुत किए गए और 12 विधेयक पारित किए गए**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

18वीं लोक सभा के पाचवां सत्र (मानसून सत्र) का गुरुवार को समापन हो गया। समापन दिवस पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में सदन में निरंतर और नियोजित व्यवधानों पर क्षोभ व्यक्त किया। यह टिप्पणी करते हुए कि लोक सभा या संसद परिसर में नारेबाजी करने और तख्तियां दिखाने और नियोजित व्यवधान से संसदीय मर्यादा को ठेस पहुंचती है, बिरला ने कहा कि लोगों को प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों को उठाने तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि सत्र के दौरान सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों को सदन में अपने विचार रखने और महत्वपूर्ण विधेयकों एवं जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने के पर्याप्त अवसर दिए गए। उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि सभा में होने वाले गतिरोध दुर्भाग्यपूर्ण थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सदन में नारेबाजी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। बिरला ने कहा कि सत्र में जिस तरह की भाषा और व्यवहार देखा गया, वह संसद की मर्यादा के अनुरूप नहीं था। उन्होंने सदस्यों को याद दिलाया कि वे सदन के अंदर और बाहर अपनी भाषा को सदैव संयमित और मर्यादित बनाए रखें। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका कार्य और आचरण देश और दुनिया के लिए आदर्श स्थापित करे। बिरला ने बताया कि कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध थे, लेकिन नियोजित व्यवधानों के कारण केवल 55 प्रश्नों के मौखिक उत्तर ही दिए जा सके। सत्र की शुरुआत में सभी दलों ने निर्णय लिया था कि इस सत्र में सदन में 120 घंटे चर्चा और वाद-विवाद होगा और कार्य मंत्रणा समिति भी इस पर सहमत थी, परंतु व्यवधानों के कारण मुश्किल से 37 घंटे काम हुआ। सत्र में 14 सरकारी विधेयक प्रस्तुत किए गए और 12 पारित किए गए। उन्होंने आगे बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा 28 जुलाई 2025 को शुरू हुई और 29 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री के उत्तर के साथ समाप्त हुई। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा की गई।

---

### अहमदाबाद के स्कूल में छात्र की हत्या

## 500 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अहमदाबाद के सेवेंथ डे स्कूल में एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद शहर में बवाल मच गया। कई लोगों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया तो पुलिस ने 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। स्कूल के ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार भीड़ ने स्कूल के दफ्तर, क्लासरूम और बस पर हमला किया, जिसमें भारी नुकसान हुआ। स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। कहा गया कि यह तोड़फोड़ पुलिस की मौजूदगी में होती रही। पूरे इलाके में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। सेवेंथ डे स्कूल के आसपास और 500 मीटर की दूरी तक पुलिस तैनात है। हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य शख्स को भी हिरासत में लिया है।

### नवादा में पुलिसकर्मी को लगी थी टक्कर

## राहुल गांधी की गाड़ी के ड्राइवर के खिलाफ मामला कायम

एजेंसी ▶▶ नवादा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी गांधी बिहार के कई जिलों में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। बीते दिनों वे नवादा जिले में यात्रा के दौरान राहुल के वाहन से टक्कर लग जाने के कारण एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। भाजपा ने इस घटना को लेकर राहुल पर निशाना भी साधा था। अब पुलिस ने इस घटना को लेकर राहुल के वाहन के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने राहुल के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज होने की जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। विस्तृत जानकारी बाद में दी जाएगी। धीमान ने पहले कहा था कि कांस्टेबल काफिले में एक वाहन के सामने गिर गया जिससे वाहन उनके पैरों से थोड़ा सा टकरा गया और उन्हें चोटें आईं।

### देश की शीर्ष अदालत ने की शादी पर बड़ी टिप्पणी

## रिश्ते में पति व पत्नी पूरी तरह से स्वतंत्र नहीं, एक-दूसरे पर निर्भर रहना ही होगा

**शादी का मतलब ही दो आत्माओं का साथ आना**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विवाह के रिश्ते में पति या पत्नी यह नहीं कह सकते कि वे पूरी तरह स्वतंत्र होकर जीना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा कि शादी का मतलब ही दो आत्माओं और दो व्यक्तियों का साथ आना है। अगर कोई व्यक्ति स्वतंत्र रहना चाहता है तो उसे विवाह नहीं करना चाहिए। बेंच ने कहा कि विवाह में पति-पत्नी का एक-दूसरे पर भावनात्मक और सामाजिक रूप से निर्भर रहना स्वाभाविक है।

### शादी क्यों की? कोर्ट ने बच्चों पर चिंता जताई



न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि छोटे बच्चों को टूटे हुए परिवार का बोझ क्यों झेलना पड़े। अदालत ने दोनों पक्षों से आपसी मतभेद दूर करने और बातचीत से हल निकालने की अपील की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि आप यह नहीं कह सकतीं कि आप किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहतीं। अगर ऐसा है तो शादी क्यों की? अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 सितंबर को तय की।

**पति सिंगापुर तो पत्नी हैदराबाद में रह रहे**

पत्नी ने आरोप लगाया कि सिंगापुर में पति के व्यवहार के कारण उसके लिए वापस वहां लौटना मुश्किल है। वह बिना किसी आर्थिक मदद के बच्चों की परवरिश कर रही है। पति की ओर से कहा गया कि दोनों के पास सिंगापुर में अच्छी नौकरियां थीं।

---

'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना की घोषणा की, यह युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करेगा

# राज्य सरकार हरियाणा को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित करने हेतु 'हरियाणा राज्य उद्यमिता आयोग' की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार हरियाणा को देश का नंबर एक स्टार्टअप हब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका लक्ष्य राज्य में स्टार्टअप्स की संख्या को तीन गुना करना है। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में 'विश्व उद्यमिता दिवस' के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह और कई अन्य घोषणाएँ कीं।





**22 स्टार्टअप्स को दिए 1,14,30,000 रुपए के चेक**

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में राज्य भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लगभग 2,000 विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 100 सफल उद्यमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने एबीआईसी, सीसीएसएचएयू, हिसार के 22 स्टार्टअप्स को अनुदान राशि के रूप में 1,14,30,000 रुपए से अधिक का चेक प्रदान किया।

### सभी स्कूलों और कॉलेजों में स्टार्टअप आइडिया स्लोगन प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों में स्टार्टअप आइडिया स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी, जिनमें ज़िला और राज्य स्तर पर विजेताओं को 1 करोड़ रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप में विकसित होने वाले विचारों को स्टार्टअप नीति के तहत सरकार से पूर्ण माइक्रोफाइनेंस सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 'वोकल फ़ॉर लोकल' पहल को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी मेले आयोजित किए जाएंगे, जिसमें ज़िला प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलेगा। सैनी ने कहा कि राज्य सरकार निजी निवेशकों को एक फंड ऑफ़ फ़ंड बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जो स्थानीय स्टार्टअप में निवेश करके हरियाणा को नवाचार और उद्यमिता का एक प्रमुख केंद्र बनाएगा। 2,000 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे उन्होंने घोषणा की कि राज्य के प्रत्येक ज़िले में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। युवाओं के कौशल की पहचान और विकास के लिए, जिला और राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष कौशल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री युवा कौशल सम्मान योजना के अंतर्गत, 2,000 स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न उद्योगों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे, साथ ही 10,000 रुपए का मानदेय भी दिया जाएगा। विश्व कौशल ओलंपिक में हरियाणा के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपए तक के मिलेंगे नकद पुरस्कार श्री नायब सिंह सैनी ने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार ₹विश्व कौशल ओलंपिक₹ में हरियाणा के पदक विजेताओं को 10 लाख रुपए तक के नकद पुरस्कार प्रदान करेगी। जो लोग अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, वे 10 लाख रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता के पात्र होंगे। यदि वे उद्यमिता नहीं अपनाना चाहते हैं, तो उन्हें हरियाणा भर के स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और कॉलेजों में कौशल प्रशिक्षक के रूप में रोजगार दिया जाएगा।

## सेबी के चेयरमैन पांडेय ने किया खुलासा

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए मंच वायदा कारोबार की अवधि बढ़ाने की योजना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कारोबार का खुलासा कर पाएगी
- मंच सूचीबद्ध होने के बीच कारोबार की अनुमति दे सकता है
- पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि बाजार नियामक एक विनियमित मंच पेश कर सकता है, जहां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने वाली कंपनियां सूचीबद्ध होने से पहले कुछ खुलासे करने के बाद कारोबार कर सकेंगी।

यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।

### परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार

पांडेय ने साथ ही कहा कि नियामक शेयर वायदा कारोबार की अवधि एवं परिपक्वता में सुधार लाने पर विचार कर रहा है। इससे ऐसे उत्पादों में व्यापार पर अंकुश लगेगा, जहां वित्त वर्ष 2024-25 में 91 प्रतिशत व्यक्तिगत व्यापारियों को घाटा हुआ था। पांडेय ने 'फिक्की कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस' 2025 में कहा कि निवेशकों के लिए निवेश संबंधी निर्णय लेने को सूचीबद्ध होने से पहले की जानकारी अक्सर पर्याप्त नहीं होती है।

### आईपीओ बाजार काफी सक्रिय है

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारतीय आईपीओ बाजार 2025 तक 48 मुख्य कंपनियों की सूचीबद्धता के साथ काफी सक्रिय हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह में 11 कंपनियों ने अपनी आरंभिक शेयर बिक्री शुरू की। अगले सप्ताह कुछ और कंपनियां भी आईपीओ लाने वाली हैं।

### मिलेगा प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म

'प्री-आईपीओ ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' पर डिपॉजिटरी के साथ कोई चर्चा होने के सवाल पर उन्होंने कहा, "मैं जो भी कह रहा हूं, वह केवल सैद्धांतिक है।" यह नया मंच निवेशकों को आईपीओ आवंटन एवं सूचीबद्ध होने के बीच तीन दिन की अवधि में विनियमित तरीके से शेयर का व्यापार करने की अनुमति दे सकता है। यह पहल मौजूदा अनियमित 'ग्रे मार्केट' की जगह ले सकती है, जो वर्तमान में इस अवधि के दौरान संचालित होता है।



### ग्रे मार्केट खत्म हो जाएगा

पांडेय ने एक पहल का संकेत देते हुए कहा, "एक विनियमित मंच प्रायोगिक आधार पर ... जहां आईपीओ लाने की तैयारी कर रही कंपनियां कुछ खुलासों के बाद व्यापार करने का विकल्प चुन सकती हैं।" यदि इस पहल को क्रियान्वित किया जाता है तो इससे अनियमित मंचों जिन्हें अक्सर 'ग्रे मार्केट' कहा जाता है, उन पर असूचीबद्ध शेयर के व्यापार पर अंकुश लग सकेगा।

**निवेशकों के लिए काफी जोखिम है** : वर्तमान में, आईपीओ के बोली लगना बंद होने और बाजारों में इसके खुलने में कम से कम तीन कारोबारी दिनों का अंतराल होता है और इस अवधि के दौरान 'ग्रे मार्केट' में व्यापार होता है।

### नकदी शेयर बाजार को मिल रही अहमियत

शेयर वायदा कारोबार के संबंध में सेबी नकदी शेयर बाजारों को गहरा करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। साथ ही लंबी अवधि के उत्पादों के माध्यम से वायदा-विकल्प की गुणवत्ता को भी बढ़ा रहा है। पांडेय ने कहा, " हम वायदा-विकल्प उत्पादों के परिपक्वता खाके और सुधार के तरीकों पर हितधारकों के साथ परामर्श करेंगे, ताकि वे 'हेजिंग' (जोखिम प्रबंधन रणनीति) और दीर्घकालिक निवेश के लिए बेहतर सेवा प्रदान कर सकें।"

### तीन साल में दैनिक कारोबार दोगुना हुआ

पांडेय ने कहा कि नकदी बाजार में कारोबार तेजी से बढ़ा है और तीन साल की अवधि में दैनिक कारोबार दोगुना हो गया है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि शेयर वायदा कारोबार पूंजी निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन नियामक को गुणवत्ता एवं संतुलन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

## टीवीएस ने इलेक्ट्रिक तिपहिया पोर्टफोलियों का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने बृहस्पतिवार को ढुलाई खंड के लिए एक तिपहिया वाहन पेश करते हुए अपने इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की श्रृंखला का विस्तार किया। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में यात्री खंड के लिए किंग ईवी मैक्स को उतारने के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन खंड में कदम रखा था। टीवीएस किंग कार्गो एचडी को एक बार चार्ज करने पर 156 किलोमीटर चलाया जा सकता है। इसकी शोरूम कीमत 3.85 लाख रुपये है। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा कि इस मॉडल को इस साल के अंत में सीएनजी ट्रिम में भी पेश किया जाएगा। गुप्ता ने कहा, "हमें उम्मीद है कि 2030 तक बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहन का होगा। सभी ईंधन एक साथ मौजूद रहेंगे, लेकिन मुख्य रूप से 50-60 प्रतिशत बाजार इलेक्ट्रिक वाहन ही होगा। टीवीएस किंग कार्गो एचडी के बारे में, उन्होंने बताया कि कंपनी सबसे पहले दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश कर रही है। उसके बाद बेंगलुरु, गुजरात और महाराष्ट्र में इसकी बिक्री शुरू की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या इस उत्पाद का निर्यात भी किया जाएगा, गुप्ता ने कहा कि ढुलाई तिपहिया वाहनों का विदेशी बाजार अब भी छोटा ही है।

## बैंकिंग व वित्तीय सेवा में 2030 तक 2.5 लाख नौकरियां होंगी सृजित

**मुंबई।** भारत का बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा (बीएफएसआई) क्षेत्र मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2025-26 में नियुक्तियों में 8.7 प्रतिशत और 2030 तक 10 प्रतिशत तक की वृद्धि का अनुमान है, जिससे करीब 2.5 लाख स्थायी नौकरियां उत्पन्न होंगी। बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में यह वृद्धि छोटे व मझोले श्रेणी के शहरों में बढ़ती मांग के दम पर हो रही है, जो महानगर केंद्रित भर्ती से स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। कार्यबल समाधान प्रदाता एडेको इंडिया ने रिपोर्ट में कहा, " बीएफएसआई क्षेत्र में प्रतिभाशाली लोगों की बढ़ती मांग के दम पर देश के छोटे व मझोले शहर शक्तिशाली इंजन के रूप में उभर रहे हैं।

### स्टारलिंक सत्यापन के लिए आधार का करेगी इस्तेमाल

नई दिल्ली। अरबपति एलन मस्क की अगुवाई वाली स्टारलिंक भारत में ग्राहकों को जोड़ने से पहले उनके सत्यापन के लिए "आधार" प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करेगी।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.PC. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बालकनाथ** पुत्र रामप्रसाद निवासी के-241, दक्षिणपुरी, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 64/2020 धारा 379/411 भा.दं.स. थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बालकनाथ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बालकनाथ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 64/2020 धारा 379/411 भा.दं.स. थाना सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बालकनाथ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **16.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री निधि सिंह,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी -03, (दक्षिण)**
**कमरा नं. 212,**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली।**

DP/10998/SW/2025



**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 18.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 91/CE/NH/TC/44-70/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_872128_1 | Short Term Maintenance works and activities (STMC) on section from Km 331.000 to 363.000 of Katni- Gumla Road N.H-43 in the state of Chhattisgar | Rs. 438.59 Lakhs |
| 2 | 92/CE/NH/TC/44-71/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873298_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM 0.000 TO 55.00 OF NH - 63 in CHHATTISGARH (C.G.) | Rs. 282.27 Lakhs |
| 3 | 93/CE/NH/TC/44-72/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873299_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 65.00 TO 113.00 & KM. 143.00 TO 155.00 OF NH-63. IN THE STATE OF CHHATTISGARH | Rs. 358.77 Lakhs |
| 4 | 94/CE/NH/TC/44-73/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873300_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 155.000 to KM 205.000 (BHOPALPATNAM TO JAGDALPUR ROAD) TOTAL LENGTH = 50.00 KM. OF NH-63 IN THE STATE OF CHHATTISGARH. | Rs. 300.25 Lakhs |
| 5 | 95/CE/NH/TC/44-74/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873301_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM. 205.000 to KM 216.400 (BHOPALPATNAM TO JAGDALPUR ROAD) AND KM. 224.620 TO 241.600 (JAGDALPUR TO DHANPUNJI ROAD) TOTAL LENGTH = 28.38 KM. OF NH-63 IN THE STATE OF CHHATTISGARH. | Rs. 231.01 Lakhs |
| 6 | 96/CE/NH/TC/44-75/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873302_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM 257.000 TO 301.496 OF NH-30 (TOTAL LENGTH 44.496 KM.) | Rs. 442.20 Lakhs |
| 7 | 97/CE/NH/TC/44-76/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873304_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM 107.00 TO 146.00 OF NH 30 (JAGDALPUR-SUKMA-KONTA ROAD). | Rs. 318.89 Lakhs |
| 8 | 98/CE/NH/TC/44-77/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873305_1 | SHORT TERM MAINTENANCE CONTRACT (STMC) OF ROAD FROM KM 146.00 TO 184.800 OF NH 30(JAGDALPUR-SUKMA-KONTA ROAD). | Rs. 361.00 Lakhs |
| 9 | 99/CE/NH/TC/44-78/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873307_1 | Short term maintenance to Ratanpur-Kenda-Keonchi-Road section of NH-45 from Km 273.200 to Km 278.750 = 5.550 Km. in the state of Chhattisgarh. | Rs. 455.55 Lakhs |
| 10 | 100/CE/NH/TC/44-79/2025 (1ST Call) | 2025 MoRTH_873592_1 | Short term maintenance works and activities (STMC) from section Dheka to Banari km. 127.500 to 160.687 on NH49 Total length= 33.187 Km in the state of Chhattisgarh. | Rs. 224.51 Lakhs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 08.09.2025 शाम 17.30 बजे तक।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।


मुख्य अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)

G-252602972/9


## शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 82,000 अंक पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक चढ़कर 82,000 अंक के स्तर को पार कर गया।



आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में रौनक रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स सीमित दायरे में कारोबार के बाद 142.87 अंक चढ़कर 82,000.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 373.33 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 33.20 अंक यानी 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और अदाणी पोर्ट्स शामिल हैं। छह दिनों की तेजी में सेंसेक्स कुल 1,765 अंक यानी 2.14 प्रतिशत और निफ्टी 596 अंक यानी 2.4 प्रतिशत चढ़ चुका है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और हाल ही में एसएंडपी द्वारा भारत की क्रेडिट रेटिंग बढ़ाए जाने से निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर राज्यों के मंत्रियों के समूह ने केंद्र के पांच और 18 प्रतिशत की दो-स्लैब संरचना अपनाने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। जीएसटी परिषद अगले महीने इस प्रस्ताव पर अंतिम फैसला ले सकती है।

## सोना 600 और चांदी 1,500 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

500 रुपये बढ़कर 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 99,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने की कीमत तीन सप्ताह के निचले स्तर पर गिरने के बाद, सुरक्षित निवेश की मांग और सौदेबाज़ी की खरीदारी के चलते बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेज़ी आई।



- सोना 600 रुपए बढ़कर 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम
- चांदी 1,14,000 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई

*निवेशक बेरोजगारी व पीएमआई आंकड़ों का कर रहे इंतजार : अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,339.04 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी जिंस शोध, कायनात चैनवाला ने कहा, "सोना 3,340 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बना हुआ है क्योंकि निवेशक बेरोज़गारी दावे, पीएमआई और मौजूदा घरों की बिक्री सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।"*

## भ्रामक विज्ञापन के लिए रैपिडो पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए ऑनलाइन वाहन सेवा मंच रैपिडो पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण सीसीपीए ने रैपिडो को उन ग्राहकों को पैसे देने का निर्देश भी दिया है जिन्होंने कंपनी के "पांच मिनट में ऑटो या फिर पाएं 50 रुपये" ऑफर का इस्तेमाल किया था, लेकिन उन्हें यह राशि मिली नहीं। नियामक ने रैपिडो के विज्ञापनों की जांच के बाद यह कार्रवाई की जिसमें "पांच मिनट में ऑटो या 50 रुपये पाएं" और "गारंटीड ऑटो" का वादा किया गया था। उसने पाया कि ये विज्ञापन झूठे एवं उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता 'हेल्पलाइन' के आंकड़ों से पता चला है कि जून 2024 और जुलाई 2025 के बीच रैपिडो के खिलाफ शिकायतों की संख्या बढ़कर 1,224 हो गई, जबकि उससे पिछले 14 महीने की अवधि में यह संख्या 575 थी। सीसीपीए की जांच से पता चला कि रैपिडो के विज्ञापनों में 'डिस्क्लेमर' बेहद छोटे या ऐसी शैली में प्रदर्शित किए गए थे कि उन्हें पढ़ पाना बेहद मुश्किल था। 50 रुपये के लाभ का वादा वास्तविक मुद्रा नहीं, बल्कि "50 रुपये तक" मूल्य के "रैपिडो सिक्के" थे जिनका उपयोग केवल मोटरसाइकिल की सवारी के लिए किया जा सकता था। साथ ही इनकी समय सीमा सात दिन के भीतर समाप्त हो जाती थी। प्राधिकरण ने पाया कि विज्ञापनों में गारंटी का दावा प्रमुखता से किया गया था।

## रुपया 18 पैसे टूटकर 87.25 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार से रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर 18 पैसे की गिरावट के साथ 87.25 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रूस व यूक्रेन के बीच युद्धविराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ने से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला। हालांकि, विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया जिससे बाद में स्थानीय मुद्रा में गिरावट आई।


मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY GF3520 REG. NO. UP13DT1017-YOM- NA
2) TATA MOTORS SIG3123CBC ENG. NO. UP13DT3543-YOM- NA
3) ASHOK_LEY GF3520 REG. NO. UP13DT0913-YOM- NA

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त**
**अशोक क्लीनिक**
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज



**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | DNIT NO. 122120, DATED04.06.2025 (EPC-DNO. 129/PD&C) | शुद्धिपत्र-4 के खुलने की तिथि 19.08.2025 सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 02.09.2025 17:00 बजे तक है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO. 30/CWD-2/ VOL- XIX/HVPN/2025-26, DATED 07.07.2025 (ONLINETENDERID NO. 2025_HBC_456781_1) | बोली खुलने की तिथि 21.08.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 03.09.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37900/I/88/7 दि. 21.08.25


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 5965




**बाएँ से दाएँ**
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

### शब्द पहेली -5964 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | ज | ■ | आ | ग | ■ | सा | थ | ■ | सु | रा |
| ल | ■ | ता | ना | ■ | आ | स | ■ | ख | ब | र |
| ■ | ली | ला | ■ | सा | या | ■ | क | ल | ह | ■ |
| म | न | ■ | रा | त | ■ | र | म | ल | ■ | वि |
| स्ती | ■ | फि | जा | ■ | अ | ग | ला | ■ | सा | दा |
| ■ | शू | र | ■ | की | च | ड़ | ■ | ता | र | ■ |
| कु | ल | ■ | अ | म | ल | ■ | ख | त | ■ | मी |
| ली | ■ | ग | ल | त | ■ | प | ता | ■ | जा | न |
| ■ | दो | ज | ख | ■ | क | ल | ■ | ता | ल | ■ |
| घा | य | ल | ■ | दा | म | ■ | उ | प्र | ■ | मो |
| त | म | ■ | प | ग | ■ | कृ | ष्ण | ■ | क | र |



## खबर संक्षेप



### विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हीथर की वापसी

**लंदन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई श्रृंखला से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उने 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

### खेल दिवस पर देश में होंगे तीन दिन कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को 'एक घंटा खेल के मैदान पर' देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा,' जब भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को यह दिखाना जरुरी है कि देश में खेल अब जन आंदोलन का रुप ले रहा है।'

### सेमीफाइनल में श्रुति सारिका और काजल

**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की। सारिका ने 53 किग्रा भार वर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की।

### 23 अगस्त से राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की सात साल बाद शहर में वापसी हुई है। प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसकी कुल इनामी राशि आठ लाख रुपए है। प्रतियोगिता की मेजबानी मेजर ध्यान चंद स्टेडियम करेगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'इस साल की चैंपियनशिप के लिए उत्साह अभूतपूर्व है। हमारे छह खिलाड़ी दुनिया के शीर्ष 100 में शामिल हैं और सभी इसमें भाग ले रहे हैं।'

### अजय सिंह बने भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष

**गुरूग्राम।** निवर्तमान अजय सिंह बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष बन गए जिन्होंने लंबे इंतजार के बाद हुए चुनाव में जसलाल प्रधान को हराया। कानूनी लड़ाई के बीच छह महीने से अधिक समय से स्थगित हुए ये चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेश टंडन और बीएफआई की अंतरिम समिति के प्रमुख सिंगापुर के फैरूज मोहम्मद की मौजूदगी में हुए जिन्हें विश्व मुक्केबाजी ने पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा था। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट और महासचिव माइक मैकएटी चुनाव में पर्यवेक्षक होने थे लेकिन उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया।

---

द हंड्रेड

# हेनरी ने चौंकाया, 16 बॉल फेंकी डॉट, 5 रन देकर चटकाए दो विकेट, बने दूसरे किफायती गेंदबाज

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में खेले जा रहे द हंड्रैड में न्यूजीलैंड के धाकड़ गेंदबाज मैट हेनरी ने कमाल कर दिया है। हेनरी ने महज 20 गेंदों में ऐसा कारनामा कर दिखाया, जिससे उनका नाम द हंड्रैड के इतिहास में दर्ज हो गया है। हालांकि, हेनरी का ये कारनामा उनकी टीम को जीत नहीं दिला सका लेकिन फिर भी उनकी गेंदबाजी ने सभी को चौंका दिया। दरअसल, मैट हेनरी ने वेल्श फायर और साउदर्न ब्रेव के बीच कार्डिफ में खेले गए द हंड्रैड 2025 के 21वें मुकाबले में गेंद से कहर बरपाया। हेनरी ने





20 गेंदों में 16 गेंदें डॉट फेंकी। उन्होंने सिर्फ 5 रन खर्च किए और साउदर्न ब्रेव के 2 बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। इस तरह वह द हंड्रेड के इतिहास में दूसरा सबसे किफायती स्पेल डालने वाले गेंदबाज बन गए। बता दें, द हंड्रेड में सबसे किफायती गेंदबाजी का रिकॉर्ड स्पेंसर जॉनसन के नाम है। जॉनसन ने साल 2023 में अपनी 20 गेंदों में सिर्फ 1 रन देकर तीन विकेट झटके थे। वेल्श फायर बनाम साउदर्न ब्रेव मैच में भले ही स्पेंसर जॉनसन का रिकॉर्ड नहीं टूट सका लेकिन द हंड्रैड में मैट हेनरी की गेंदबाजी का डंका बज गया।

### साउदर्न ब्रेव की रोमांचक जीत

*मैट हेनरी की शानदार गेंदबाजी की बदौलत वेल्श फायर की टीम साउदर्न ब्रेव को 129/8 रन के स्कोर पर रोकने में सफल रही लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी। 130 रनों के लक्ष्य के जवाब में वेल्श फायर की टीम 100 गेंदों में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। इस तरह साउदर्न ब्रेव ने 4 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।*

### आर्चर ने झटके सबसे ज्यादा विकेट

*साउदर्न ब्रेव के लिए गेंदबाजी में इंग्लिश गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा विकेट झटके। आर्चर ने 20 गेंदों में 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने 9 गेंदें डॉट फेंकी। आर्चर के अलावा जेम्स कोल्स और क्रेग ओवरटन ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। गौरतलब है कि द हंड्रैड 2025 में साउदर्न ब्रेव 6 मैचों में 12 पॉइंट के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे पायदान पर है जबकि वेल्श फायर 5 मैचों में अब तक सिर्फ एक ही जीत दर्ज कर सकी है। वेल्श फायर 4 पॉइंट के साथ आखिरी पायदान पर है।*

---

कड़े मुकाबले में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 से हराया

# अमेरिकी ओपन : इरानी और वावसोरी ने जीता मिक्सड डबल्स का खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर ( करीब 8.71 करोड़ रुपए ) की इनामी राशि हासिल की जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारुप की आलोचना की थी लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया।



### 24 अगस्त से शुरू होंगे सिंगल मुकाबले

*वावसोरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि इतने सारे दर्शकों के सामने इस कोर्ट में खेलना अद्भुत था और मैं इस माहौल के लिए तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाइब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।*

### हमारे लिए खेलना जरूरी था

*वावस्सोरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे लिए खेलना जरूरी था। जैसे, मुझे कहना होगा कि यह पहल इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह वाकई एक संदेश था कि युगल मुकाबले कुछ बेहतर बन सकते हैं। स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। लोग इसका आनंद ले रहे थे। अगर कुछ काम नहीं करता है, जैसे, हमने आज दिखाया कि वह काम कर रहा है। लोग तो पागल हो रहे थे। यह एक ऐसा माहौल था, जिसका आनंद युगल खिलाड़ियों को कम ही मिलता था और अमेरिकी ओपन के आयोजकों ने भी यही चाहा था जब उन्होंने अपने टूर्नामेंट में आमूलचूल परिवर्तन किया और इसे एकल मुकाबले शुरू होने से पहले रविवार को आयोजित किया, इस उम्मीद में कि टेनिस के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ी इसमें खेलेंगे।*

### अमेरिकी ओपन में नहीं चल पाए बड़े नाम

इस आयोजन में पूर्व अमेरिकी ओपन एकल चैंपियन कार्लोस अल्काराज, एम्मा राडुकानू, नोवाक जोकोविच, नाओमी ओसाका और डेनियल मेदवेदेव जैसे दिग्गज शामिल थे, जो पहले दिन ही हार गए थे। उनके बिना भी,आर्थर ऐश स्टेडियम में हुए तीनों मैचों के लिए लगभग सभी सीटें भरी हुई थीं, हालाँकि दोपहर में ज़्यादातर बारिश होने के कारण स्टेडियम की छत बंद थी।

### अमेरिकी टेनिस संघ ने उठाया साहसिक जोखिम

रूड ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टेनिस संघ ने अपने बदलावों के साथ एक साहसिक जोखिम उठाया है,आलोचकों का कहना है कि इसने चैंपियनशिप को, पहले तीन राउंड में चार सेटों तक छोटा करके, एक शानदार प्रदर्शन में बदल दिया है, न कि पहले के दो हफ़्ते, 32-गेम वाले आयोजन में। लेकिन युगल में विशेषज्ञता रखने वाले खिलाड़ी भी इस बात से सहमत थे कि इस आयोजन को उनकी आदत से कहीं ज़्यादा ध्यान मिला।

---

# गुकेश को सेवियन ने ड्रा पर रोका, प्रज्ञाननंदा ने बांटे अंक

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी



ड्रॉ खेली लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।

### प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना संयुक्त बढ़त पर

एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम



वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज़्सटॉफ़ के साथ अंक बांटे। इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है, जो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डुडा एक अंक के साथ नौवें स्थान पर हैं, जबकि अब्दुसत्तोरोव ने यहां अपने पहले तीन मैचों में आधा अंक हासिल कर खाता खोला है।

---

# अभिनव को स्वर्ण, भारत ने निशानेबाजी चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान मजबूत किया

शिमकेंट ▶▶| (कजाखस्तान)

भारतीय निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन दांव पर लगे पांच में से चार स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम किया जिससे देश के पदकों की संख्या 26 हो गई। भारत ने अब तक 14 स्वर्ण, छह रजत और इतने ही कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अभिनव साव ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने की शुरूआत की। उन्होंने पहले नारायण प्रणव (631.1 अंक से तीसरे स्थान पर) और हिमांशु (630.9 अंक से चौथे स्थान पर) के साथ क्वालीफिकेशन में 628.1 अंक हासिल कर फाइनल में जगह पक्की करने के अलावा यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के साथ तीनों का 1890.1 अंक का स्कोर एशियाई और जूनियर विश्व रिकॉर्ड दोनों ही बने। इसके बाद उन्होंने रोमांचक फाइनल में पांच शॉट की श्रृंखला के बाद ग्रिड पर पांचवें स्थान से शुरूआत की और दूसरे के बाद बढ़त बना ली। उनकी अंतिम चरण में ली ह्यूनसो के साथ कड़ी टक्कर हुई। लेकिन भारतीय निशानेबाज ने संयम रखते हुए 17वें और 18वें शॉट पर नौ अंक का स्कोर बनाते हुए कोरियाई खिलाड़ी को 0.1 से पीछे छोड़ दिया। इसके बाद 10.9 अंक का 21वां शॉट सोने पे सुहागा साबित हुआ।

---

# विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिलिस

ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे।



इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।' उन्होंने कहा, 'फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।'

### 1990 के दशक में नियम को कर दिया किनारा

ओलंपिक खेलों में पहले गुणसूत्र परीक्षण आम था, लेकिन 1990 के दशक में इससे किनारा कर दिया गया था क्योंकि ठोस परिणाम पर नहीं पहुंचा जा रहा था। कई खेलों ने लिंग योग्यता निर्धारित करने के लिए हार्मोन परीक्षण का सहारा लिया, लेकिन इन परीक्षणों के लिए नियामक निकायों को उन खिलाड़ियों को लेकर कड़ा फैसला करना पड़ता है, जिनमें टेस्टोस्टेरोन का स्तर अधिक पाया जाता है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने इसके साथ ही कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है। इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।

---

एशिया कप : चीन के हांगझोउ में 5 से 14 सितंबर तक होगा टूर्नामेंट

# महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा की कप्तानी बरकरार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए गुरुवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर 6 सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच 8 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।



### महिला भारतीय टीम

**गोलकीपर:** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम
**डिफेंडर:** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर:** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो
**फारवर्ड:** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

### सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है, जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी, जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है, जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं।

### टीम में अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का संतुलन

हॉकी इंडिया के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं।' सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं। हरेंद्र ने कहा, 'यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।'

---


## डिफेंस भर्ती विशेष रेलगाड़ियाँ

**मुजफ्फरनगर** में आयोजित होने वाली डिफेंस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ी सेवाएं संचालित की जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

**04401/04402 गाजियाबाद-सहारनपुर-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04401 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04402 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:40 | गाजियाबाद | 15:30 | -- |
| 09:45 | 09:46 | नया गाजियाबाद | 14:50 | 14:51 |
| 09:56 | 09:57 | मुरादनगर | 14:33 | 14:34 |
| 10:03 | 10:04 | मोदीनगर | 14:24 | 14:25 |
| 10:21 | 10:23 | मेरठ नगर | 14:08 | 14:09 |
| 10:27 | 10:28 | मेरठ छावनी | 13:58 | 13:59 |
| 10:42 | 10:43 | दौराला | 13:49 | 13:50 |
| 10:50 | 10:51 | खतौली | 13:38 | 13:39 |
| 10:59 | 11:00 | जड़ौदा नारा | 13:27 | 13:28 |
| 11:06 | 11:08 | मुजफ्फरनगर | 13:18 | 13:20 |
| 11:13 | 11:14 | बामनहेरी | 13:11 | 13:12 |
| 11:27 | 11:28 | देवबन्द | 13:00 | 13:01 |
| 11:42 | 11:43 | नागल | 12:55 | 12:56 |
| 11:55 | 11:56 | टपरी जं. | 12:50 | 12:51 |
| 12:20 | -- | सहारनपुर | --- | 12:40 |

चलने के दिन: **04401 गाजियाबाद** से **और 04402 सहारनपुर से** दिनांक 22.08.2025 को। **स्थान:** सामान्य

**04403/04404 गाजियाबाद-सहारनपुर-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. 04403 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04404 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:45 | गाजियाबाद | 04:15 | -- |
| 21:50 | 21:51 | नया गाजियाबाद | 04:00 | 04:01 |
| 22:01 | 22:02 | मुरादनगर | 03:37 | 03:38 |
| 22:10 | 22:11 | मोदीनगर | 03:28 | 03:29 |
| 22:28 | 22:30 | मेरठ नगर | 03:08 | 03:10 |
| 22:34 | 22:35 | मेरठ छावनी | 02:58 | 02:59 |
| 22:49 | 22:50 | दौराला | 02:52 | 02:53 |
| 23:02 | 23:03 | खतौली | 02:41 | 02:42 |
| 23:11 | 23:12 | जड़ौदा नारा | 02:32 | 02:33 |
| 23:18 | 23:21 | मुजफ्फरनगर | 02:23 | 02:25 |
| 23:26 | 23:27 | बामनहेरी | 02:17 | 02:18 |
| 23:40 | 23:41 | देवबन्द | 02:06 | 02:07 |
| 23:55 | 23:56 | नागल | 01:55 | 01:56 |
| 00:08 | 00:09 | टपरी जं. | 01:48 | 01:50 |
| 00:50 | -- | सहारनपुर | --- | 01:35 |

चलने के दिन: **04403 गाजियाबाद** से दिनांक 22.08.2025 को और **04404 सहारनपुर से** दिनांक 22.08.2025 एवं 23.08.2025 को।
**स्थान:** सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2553/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गगनयान मिशन इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी

### मिशन की कुल लागत 20,193 करोड़ रुपए

# भारत तैयार: दिसंबर में इसरो लॉन्च करेगा पहला गगनयान परीक्षण

पहली दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएगी

तीसरी फ्लाइट में एक रोबोट भेजा जाएगा




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इसरो दिसंबर तक पहला गगनयान परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो प्रमुख वी. नारायण और भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मीडिया से यह बात की। शुभांशु ने गगनयान मिशन पर कहा कि जल्द ही भारत अपने रॉकेट और कैप्सूल से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा। उन्होंने बताया कि 20 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद शरीर गुरुत्वाकर्षण भूल जाता है और जमीन पर वापसी पर उसे दोबारा ढलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक्सिओम मिशन इसके तहत वे दो हफ्तों तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में रहे। इस दौरान वे मिशन पायलट और कमांडर के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### निसार उपग्रह सही ढंग से काम कर रहा

*इसरो प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट ने नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (निसार) को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह उपग्रह पूरी तरह से सही ढंग से काम कर रहा है। नारायणन ने कहा कि अगले दो से तीन महीनों में भारत 6,500 किलो का अमेरिकी कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी अपने लॉन्च व्हीकल से प्रक्षेपित करेगा।*

### आईएसएस का अनुभव यादगार

शुक्ला ने इस मिशन को संभव बनाने वाले सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने बताया कि आईएसएस पर रहते हुए कई प्रयोग किए गए और पृथ्वी व अंतरिक्ष से जुड़ी तस्वीरें भी ली गईं। उन्होंने कहा कि इसके लिए लंबी ट्रेनिंग ली गई थी और यह अनुभव उनके जीवन का सबसे अलग और यादगार रहा।

### भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन

*शुभांशु शुक्ला ने भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह इसरो का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन है, जिसके तहत 2027 में भारतीय वायुसेना के तीन पायलटों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन रहेंगे और इसके बाद हिंद महासागर में सुरक्षित लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की कुल लागत लगभग 20,193 करोड़ रुपए है। शुक्ला ने कहा कि गगनयान की तैयारी के लिए पहले दो खाली टेस्ट फ्लाइट भेजी जाएंगी, इसके बाद एक फ्लाइट में रोबोट भेजा जाएगा। जब यह सब सफल हो जाएगा।*

### पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को मिली नई गति

*कार्यक्रम में इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत की अंतरिक्ष यात्रा को नई गति मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि दक्षिण एशियाई सैटेलाइट को भारत ने बनाकर सदस्य देशों को समर्पित किया। इसके अलावा भारत ने जी20 देशों के लिए भी एक सैटेलाइट तैयार किया। नारायणन ने कहा कि 10 साल पहले देश में सिर्फ एक स्पेस स्टार्टअप था, लेकिन आज 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रहे हैं। निजी कंपनियों ने अब तक दो सब-ऑर्बिटल मिशन पूरे किए हैं। यह दिखाता है कि भारत की स्पेस इकोनॉमी लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसका और विस्तार होगा।*

## वैष्णो देवी जा रही बस का टायर फटा, 1 की मौत, 40 घायल

**सांबा।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में गुरुवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। अमरोहा (उत्तर प्रदेश) से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रही यात्रियों से भरी बस जतवाल क्षेत्र में 30 फीट ऊंचे पुल से नीचे गिर गई। बस का टायर अचानक फटने से यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए।

बस (नंबर यूपी 81 बीटी 7688) कठुआ से कटड़ा की ओर जा रही थी। तभी सांबा जिले के जतवाल इलाके में अचानक टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में बच्चे और महिलाएं भी सवार थीं। कई यात्री बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और राहगीर मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा।

### यूक्रेन पर रूस का अब तक का सबसे बड़ा हमला

# 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों के साथ बरपाया 'कहर', 1 की मौत, 15 घायल

एजेंसी ▶▶ कीव



यूक्रेन से संघर्ष विराम को लेकर जारी पश्चिमी देशों की कवायद के बीच रूस ने यूक्रेन पर इस साल का सबसे बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया है। यूक्रेनी वायु सेना ने इस हमले के बारे में बताते हुए कहा कि रूसी सेना ने देश के पश्चिमी इलाकों को निशाना बनाकर ज्यादातर हमले किए।

यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि रूस ने उन पर 574 ड्रोन्स और 40 मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए। इन हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने भी इन हमलों को लेकर बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक प्रमुख अमेरिकी इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता संस्था पर हमला किया है।

### यूएस बोला- यूरोप करे कीव की सुरक्षा

अमेरिका धीरे-धीरे यूक्रेन की मदद से अपने हाथ पीछे खींच रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब यूरोप को लेनी चाहिए। भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यूक्रेन की मदद की पहली जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। अमेरिका मदद के लिए तैयार है, लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी यूरोपीय देशों की है। वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भागीदारी को न्यूनतम करना चाहते हैं। वेंस ने कहा मुझे नहीं लगता कि अब हमें इस बोझ को और आगे जारी रखना चाहिए।

### राष्ट्रपति जेलेंस्की बोले 10 दिन में करेंगे मंथन

*यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगले 10 दिन में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटियों को लेकर मंथन किया जाएगा और रूस के साथ वार्ता पर आगे चर्चा होगी। इस चर्चा में यूरोपीय देश के नेताओं के साथ-साथ अमेरिकी प्रशासन भी रहेगा। यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का जिम्मा ट्रंप प्रशासन की तरफ से अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो को सौंपा गया है।*

### अमेरिकी दूतावास ने अपने ही राष्ट्रपति के दावे का किया खंडन, कहा

# ट्रंप ने झूठ बोला! भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने यूएसआईडी ने नहीं की फंडिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी दूतावास ने अपने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे का सख्ती से खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए अमेरिकी सहायता एजेंसी (यूएसआईडी) ने 21 मिलियन डॉलर (लगभग 175 करोड़ रुपये) का फंड आवंटित किया था। दिल्ली में अमेरिकी दूतावास ने भारत के विदेश मंत्रालय को स्पष्ट किया कि वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक यूएसआईडी/इंडिया ने भारत में मतदाता भागीदारी से संबंधित कोई फंडिंग प्राप्त नहीं की और न ही ऐसी किसी गतिविधि को लागू किया गया। यह बयान ट्रंप के दावे के ठीक विपरीत है, जिसने भारत में राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी थी।




### अमेरिकी दूतावास का स्पष्टीकरण

भारतीय संसद में 2 जुलाई को पेश दस्तावेजों में ट्रंप के दावों पर बड़ा खुलासा हुआ। अमेरिकी दूतावास ने 2014 से 2024 तक भारत में यूएसएआईडी फंडिंग को कवर करने वाले डेटा को शेयर किया है, दूतावास ने भारत के विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग को सूचित किया कि 'यूएसएआईडी/इंडिया ने 2014 से 2024 के बीच भारत में मतदाता टर्नआउट के लिए न तो 21 मिलियन डॉलर की कोई राशि प्राप्त की और न ही इस संबंध में कोई गतिविधि चलाई है।' इसके अलावा, दूतावास ने 2022, 2023 और 2024 के लिए यूएसआईडी के फंड आवंटन का लाभार्थी-वार विवरण भी उपलब्ध कराया, जैसा कि भारत सरकार ने मांगा था।

### ट्रंप का दावा और विवाद की जड़

ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में कई मौकों पर आरोप लगाया कि जो बाइडेन प्रशासन ने यूएसएआईडी के जरिए भारत में मतदाता टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए। उनका कहना था कि यह धन चुनावों को प्रभावित करने की मंशा से दिया गया।

### राजनीतिक विवाद

*ट्रंप के दावे ने भारत में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच तीखी राजनीतिक बहस को जन्म दिया। भाजपा ने दावा किया कि यह फंड भारत के चुनावी प्रक्रिया में 'बाहरी हस्तक्षेप' का सबूत है और इसके पीछे कांग्रेस की मिलीभगत हो सकती है। वहीं, कांग्रेस ने इन आरोपों को 'निराधार' करार देते हुए भाजपा पर पलटवार किया।*

### भारत सरकार की प्रतिक्रिया

*भारत के विदेश मंत्रालय ने ट्रंप के दावों को 'बेहद परेशान करने वाला' करार दिया और कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने अमेरिकी प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी देखी है। यह स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली है। यह भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की चिंता को बढ़ाता है।' अब अमेरिकी दूतावास के स्पष्ट खंडन के बाद यह साफ हो गया है कि भारत में मतदाता टर्नआउट के लिए किसी प्रकार का अमेरिकी फंड नहीं दिया गया था।*

### ट्रंप ने जो बाइडेन प्रशासन पर लगाया था आरोप

*अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के दावे से पहले से ही डोनाल्ड ट्रंप कह रहे थे कि जो बाइडेन सरकार भारत के चुनावों में दखल देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह किसी और को चुने जाने में मदद की कोशिश कर रही थी। एक मौके पर उन्होंने कहा था कि वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर, हमें भारत में वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मेरा अनुमान है कि वे किसी और को जितवाना चाहते थे। हमें भारत सरकार को यह बताना होगा, क्योंकि जब हमने सुना कि रूस ने हमारे देश पर करीब 2,000 डॉलर खर्च किया, यह बहुत बड़ी बात थी। उन्होंने 2,000 डॉलर से कुछ इंटरनेट एड खरीदे। यह पूरी तरह एक सफलता है। एक मौके पर उन्होंने इसे किकबैक स्कीम भी कहा।*

### निक्की हेली ने ट्रंप को चेताया

# 50% टैरिफ विवाद से भारत-यूएस के वर्षों पुराने मजबूत संबंध होंगे प्रभावित

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ का उन्हीं की पार्टी की नेता और दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने विरोध किया है। निक्की हेली ने ट्रंप टैरिफ की खामियां गिनाते हुए तर्क दिया है कि टैरिफ नीति से भारत-अमेरिका के वर्षों से चले आ रहे मजबूत संबंध प्रभावित होंगे। इसका प्रतिकूल असर यूएस पर पड़ सकता है। अमेरिका को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। निक्की ने तर्क दिया है कि भारत को एक विरोधी की तरह नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदार के रूप में देखा जाना चाहिए।

### चीन को छूट, भारत पर सख्ती क्यों?

निक्की हेली ने कहा कि भारत पर टैरिफ लगाना और उसे कमजोर करने की कोशिश बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा कि भारत का विकास सभी के लिए एक मौके की तरह है। यह चीन की तरह खतरनाक नहीं है। चीन रूस से तेल खरीदने के बावजूद अमेरिका के कड़े प्रतिबंध से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत को साझेदार के बजाय दुश्मन की तरह देखना 'एक बड़ी और रोकी जा सकने वाली गलती होगी।'

### ट्रंप की अब तक की सबसे बड़ी गलती

भारतीय-अमेरिकी पत्रकार, राजनीतिक विशेषज्ञ फरीद जकारिया ने भी ट्रंप प्रशासन के फैसले पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत पर जबरदस्ती टैरिफ थोपना और पाकिस्तान के साथ रिश्तों को बेहतर बनाना ट्रंप प्रशासन की सबसे बड़ी विदेश नीति गलती है। इस फैसले से भारत, अमेरिका को लेकर सतर्क हो जाएगा। वहीं,वो रूस और चीन से अपने रिश्तों को और बेहतर बनाएगा।

### दो दशकों की मेहनत पर पानी फेर रहे ट्रंप

अमेरिकी अर्थशास्त्री जेफरी सैक्स ने भी टैरिफ को लेकर ट्रंप प्रशासन के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने ट्रंप के इस फैसले को राजनीतिक मूर्खतापूर्ण कदम बताया है। वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेस सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बेहतर संबंध बनने में दो दशक लगे हैं।

## पूर्व पाक पीएम इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की 9 मई, 2023 के दंगों से संबंधित 8 मामलों में दाखिल जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इमरान खान की तरफ से सलमान सफदर जबकि पंजाब के विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद शफी सिद्दीकी और मियांगुल हसन औरंगजेब भी शामिल थे, ने गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह फैसला दिया।




### गाजा पर कब्जे के लिए इजराइली हमले तेज

# 75 प्रतिशत हिस्से पर आईडीएफ का कब्जा, गाजा कॉरिडोर्स पर पूरा नियंत्रण

एजेंसी ▶▶ गाजा

इजराइल ने गाजा पर पूर्ण कब्जे की कोशिश शुरू कर दी है, जिसके चलते इजराइल के हमलों में तेजी आई है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि गाजा में उनके सैनिकों की जमीनी स्तर पर कार्रवाई शुरू होने के बाद से अब तक हमास के 2000 आतंकियों को ढेर कर दिया गया है। इस दौरान 10 हजार आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया और गाजा के कॉरिडोर्स पर नियंत्रण कर लिया गया है, जिससे हमास पर दबाव बना है। आईडीएफ ने बताया कि गाजा के 75 प्रतिशत हिस्से पर उनका कब्जा हो गया है। गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए इजराइल ने ऑपरेशन गिदोन चैरिएट शुरू किया है, जिसके लिए 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाया गया है।



### वेस्ट बैंक सेटलमेंट परियोजना को मंजूरी

इजराइल ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में एक बस्ती बसाने की विवादास्पद परियोजना को अंतिम मंजूरी दे दी है। परियोजना लागू होने के बाद वेस्ट बैंक दो हिस्सों में बंट सकता है। इस मामले में फिलस्तीनी और मानवाधिकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में स्वतंत्र फिलिस्तीनी की संभावना लगभग समाप्त हो जाएगी।

### यूएस ने आईसीसी जजों पर लगाया प्रतिबंध

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने फ्रांस और बेल्जियम के साथ मिलकर उसके न्यायाधीशों और अभियोजकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका के इस कृत्य को आईसीसी ने न्यायालय की न्यायिक स्वतंत्रता पर करारा हमला करार दिया है।

### गाजा में तत्काल युद्धविराम हो: यूएन

इजराइल और हमास के बीच गाजा में चल रहा संघर्ष नागरिकों के अस्तित्व के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। गुटेरेस ने कहा कि गाजा में तुरंत युद्धविराम और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई जरूरी है। गाजा के खिलाफ सैन्य कार्रवाई से होने वाली मौत और विनाश से बचना जरूरी है। इजराइल से भी आग्रह किया कि इजराइली अधिकारियों द्वारा अवैध बस्तियों का निर्माण रुकना चाहिए।

### हमास ने संघर्षविराम की इच्छा जताई

इजराइली हमलों में तेजी के बाद हमास ने संघर्षविराम समझौता करने की इच्छा जताई है। मिस्र ने इस मुद्दे पर इजराइली सरकार से बात की, लेकिन इजराइली पीएम फिलहाल इस समझौते में रुचि नहीं ले रहे हैं। इजराइली सरकार ने फिलहाल संघर्षविराम पर बातचीत के लिए अपनी टीम कतर और मिस्र नहीं भेजने का फैसला किया है। उन्होंने संघर्ष विराम के समझौते को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109